

दैनिक
मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित
# चम्बल सुर्खी
उत्कृष्ट एवं सफल प्रकाशन के 37 वर्ष
निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का प्रवक्ता

आज का तापमान
अधिकतम 43 डिग्री
न्यूनतम 31 डिग्री

## नहीं रहे परमाणु वैज्ञानिक एमआर श्रीनिवासन, 95 की उम्र में ली अंतिम सांस



**चेन्नई ,एजेंसी।** परमाणु वैज्ञानिक और परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एम.आर. श्रीनिवासन का मंगलवार को तमिलनाडु के उधगमंडलम में निधन हो गया। वे 95 वर्ष के थे। भारत के सिविल न्यूक्लियर एनर्जी प्रोग्राम के प्रमुख वास्तुकार, डॉ. श्रीनिवासन ने परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) में करियर सितंबर 1955 से शुरू किया, जो पांच दशकों से भी ज्यादा चला। उन्होंने डॉ. होमी भाभा के साथ मिलकर भारत के पहले परमाणु अनुसंधान रिएक्टर अप्सरा के निर्माण में काम किया, जो अगस्त 1956 में शुरू हुआ था।

1959 में उन्हें देश के पहले परमाणु ऊर्जा स्टेशन के लिए प्रधान परियोजना इंजीनियर नियुक्त किया गया। 1967 में, उन्होंने मद्रास परमाणु ऊर्जा स्टेशन के मुख्य परियोजना इंजीनियर के रूप में जिम्मेदारी संभाली, जिसने भारत की आत्मनिर्भर परमाणु ऊर्जा क्षमताओं की नींव रखी। 1974 में वे डीएई के पावर प्रोजेक्ट्स इंजीनियरिंग डिवीजन के निदेशक बने और एक दशक बाद न्यूक्लियर पावर बोर्ड के अध्यक्ष का पद संभाला। उनके नेतृत्व में देश ने अपने परमाणु बुनियादी ढांचे में तेजी से विकास देखा, जिसमें श्रीनिवासन ने भारत भर में प्रमुख बिजली संयंत्रों की योजना, निर्माण और कमीशनिंग की देखरेख की। 1987 में उन्हें परमाणु ऊर्जा आयोग का अध्यक्ष और परमाणु ऊर्जा विभाग का सचिव नियुक्त किया गया। उसी साल वे न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) के संस्थापक अध्यक्ष भी बने। उनके कार्यकाल में उल्लेखनीय विस्तार हुआ और उनके मार्गदर्शन में 18 परमाणु ऊर्जा इकाइयां विकसित की गईं, जिनमें सात चालू हो गई थीं और सात निर्माणाधीन थीं। इसके अलावा, चार योजना चरण में थीं।

परमाणु विज्ञान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए डॉ. श्रीनिवासन को भारत के दूसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उनकी बेटी शारदा श्रीनिवासन ने परिवार की ओर से जारी एक बयान में कहा, दूरदर्शी नेतृत्व, तकनीकी प्रतिभा और राष्ट्र के प्रति अथक सेवा की उनकी विरासत भविष्य की पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। डॉ. श्रीनिवासन की मृत्यु भारत के वैज्ञानिक और तकनीकी इतिहास में एक युग का अंत है। वे अपने पीछे एक ऐसी स्थायी विरासत छोड़ गए हैं,

## भारत-पाकिस्तान सीमा पर आज से बीटिंग रिट्रीट समारोह

**चंडीगढ़ ,एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच 10 दिन के युद्धविराम के बाद सीमा सुरक्षा बल (बीएसफ) मंगलवार शाम को पंजाब के अटारी-वाघा, हुसैनीवाला और फाजिल्का सीमाओं पर छोटे स्तर पर बीटिंग रिट्रीट समारोह फिर से शुरू करेगा। यह समारोह दोनों देशों के बीच 12 दिन के सैन्य संघर्ष के बाद आयोजित किया जा रहा है। अधिकारियों ने आईएएनएस को बताया कि पाकिस्तान की तरफ के सशस्त्र कर्मियों के साथ हाथ मिलाना या सीमा द्वार खोलना संभव नहीं होगा। हालांकि, दर्शकों को समारोह देखने की अनुमति होगी। यह समारोह शाम 6 बजे अमृतसर के पास अटारी सीमा, फिरोजपुर में हुसैनीवाला सीमा और फाजिल्का की सादकी सीमा पर होगा। बॉर्डर एरिया डेवलपमेंट फ्रंट ने लोगों से सादकी में शाम 5:30 बजे तक पहुंचने और बड़ी संख्या में समारोह का आनंद लेने की अपील की है।

## राजनाथ सिंह बोले: हमारी सेना ने आतंकियों का जड़ से सफाया किया, पाकिस्तान की सेना घुटनों पर आई



**लखनऊ,एजेंसी।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में डॉ. केएनएस मेमोरियल अस्पताल के कार्यक्रम में कहा कि हम सीमा पार आतंकियों का इलाज करते हैं। एक महीने पहले इस कार्यक्रम में आने की सहमति दी थी। परिस्थितियों की वजह से लग नहीं रहा था कि आना संभव होगा। आतंकवाद के खिलाफ हमारी सेना ने बड़ी संख्या में आतंकवादियों का सफाया किया। सेना ने कुशल सर्जन की तरह काम किया है।

बड़ी सटीकता के साथ आतंकवाद की जड़ पर प्रहार किया है और पाकिस्तान की सेना को घुटनों पर ला दिया। सेना ने सिर्फ आतंकवाद पर प्रहार किया।। नागरिक क्षेत्रों में स्ट्राइक नहीं की। सैनिक और डॉक्टर समान हैं। दोनों नागरिक की रक्षा करते हैं। उनका समर्पण और सेवा वंदनीय है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज एक अलग सी अनुभूति पीड़ा और वेदना के साथ हो रही है। 25 साल पहले इस केएनएस अस्पताल की शुरुआत करते हुए डॉ के एम सिंह से प्रभावित हुआ था। आज पच्चीस साल बाद उनका सपना साकार हो रहा है। अमेरिका में वे अच्छा जीवन जी रहे थे पर उन्होंने सेवा का पेशा चुना और ब्रेन ड्रेन नहीं ब्रेन गेन का उदाहरण पेश किया। 1997 में उनकी मां का देहान्त इलाज के अभावों में हो गया। व्यक्तिगत दुख कई लोगों को तोड़ देता है।

डॉ सिंह ने दिखाया कि इसे प्रेरणा के रूप में लिया जा सकता है। रक्षामंत्री ने कहा कि जीवन शैली की वजह से कई बीमारियां पैदा हो रही हैं। हमें सोचना होगा। भारत डायबिटीज के मरीजों की राजधानी बन गया है। यहां 10 करोड़ लोग डायबिटीज से पीड़ित हैं। उन्होंने कहा कि डॉक्टर ही हमारे असली नायक हैं जिन्हें जीवन बचाने की शक्ति मिली हुई है। डॉक्टरों ने कोरोना के समय योगदान दिया। हमें उनका धन्यवाद देना चाहिए।

### संक्षिप्त समाचार

#### 22 मई को पीएम मोदी का राजस्थान दौरा

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 मई को राजस्थान के दौरे पर रहेंगे। सबसे पहले पीएम मोदी बीकानेर जाएंगे और सुबह करीब 11 बजे देशनोक स्थित करणी माता मंदिर में दर्शन करेंगे। इसके अलावा, पीएम मोदी सुबह करीब 11:30 बजे अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित देशनोक स्टेशन का उद्घाटन करेंगे और बीकानेर-मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके बाद वह 26,000 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे और पलाना में एक सार्वजनिक समारोह को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री देश में रेल अवसंरचना को निरंतर बेहतर बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 86 जिलों में 1,100 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से 103 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे।

#### मैं जल्द आ जाऊंगी, लव यू कुश मुश' पूछताछ के बीच ज्योति मल्होत्रा का लेटर बरामद

**गुड़गांव ,एजेंसी।** भारत की खुफिया जानकारी पाकिस्तान पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को लेकर लगातार नए खुलासे हो रहे हैं। जांच में पुलिस को ज्योति मल्होत्रा की एक डायरी हाथ लगी है। ज्योति की डायरी से पुलिस को कई जानकारियां मिली है। ज्योति के डायरी के मुताबिक जब वो बाहर जाती थी तो डायरी में मन की बात का जिक्र करती थी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, जिस लेटर की हैंडराइटिंग ज्योति से मेल खाती है, उसमें उसने लिखा है सविता को कहना फल ला दें। घर का ख्याल रखें। मैं जल्दी वापस आ जाऊंगी। इसके अलावा उसमें कुछ जरूरी दवाइयों का भी जिक्र किया गया है, जो घर में मंगवाने के लिए कहे गए हैं। पत्र के अंत में लिखा गया है- Love You Kush Mush...

#### पूरा पाकिस्तान भारत की सीमा में है' 'ऑपरेशन सिंदूर' पर सेना अधिकारी का बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** भारतीय सेना के वायु रक्षा प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल सुमेर इवान डी'कुन्हा ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर महत्वपूर्ण खुलासा करते हुए कहा कि भारत के पास पूरे पाकिस्तान में किसी भी लक्ष्य पर सटीक हमले की क्षमता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि चाहे पाकिस्तानी सैन्य मुख्यालय (जीएचक्यू) को रावलपिंडी से खैबर पख्तूनख्वा स्थानांतरित ही क्यों न किया जाए, पूरे पाकिस्तान की वायु सीमाएँ और उसके अंदरूनी भाग भारत के वर्जन (विजिलेंस) दायरे में हैं। जनरल डी'कुन्हा ने एएनआई को दिए इंटरव्यू में बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय हमलों ने पाकिस्तानी एयरबेसों को नष्ट करने के साथ उनकी रक्षा क्षमताओं को भंग कर दिया। भारत के पास न केवल सीमा पर बल्कि गहराई में जाकर भी लड़ने के पर्याप्त आयुध हैं, उन्होंने कहा। सबसे बड़े से लेकर सबसे छोटे लक्ष्य तक, पूरे पाकिस्तान की हवाई सीमाएँ हमारी निगरानी में हैं, और हम हर चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

## खड़गे और राहुल गांधी देते हैं निराधार बयान : गिरिराज सिंह



**पटना ,एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस नेताओं पर प्रतिनिधिमंडल की आड़ में बयानबाजी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि खड़गे या राहुल गांधी जैसे कांग्रेस नेताओं पर टिप्पणी करना उचित नहीं है, क्योंकि वे निराधार बयान देते हैं। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा, जयराम रमेश, मल्लिकार्जुन खड़गे या राहुल गांधी जैसे कांग्रेस नेताओं पर टिप्पणी करना उचित नहीं है, क्योंकि वे निराधार बयान देते हैं। आज पाकिस्तान वैश्विक स्तर पर एक आतंकवादी राष्ट्र के रूप में उजागर हो रहा है, जो आतंकवाद को पनाह देता है और उसका पोषण करता है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' का लक्ष्य आतंकवाद और आतंकवादियों का सफाया करना है। उन्होंने आगे कहा, ऑपरेशन अभी खत्म नहीं हुआ है और स्वाभाविक रूप से अगर पाकिस्तान अब चिल्ला रहा है कि उन पर हमला हुआ है, तो हमें दुनिया को दिखाना चाहिए कि हमारी कार्रवाई आतंकवाद के खिलाफ सख्त थी, जबकि पाकिस्तान ने रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया इसलिए पूरी दुनिया में हम अपनी बात रखेंगे और पाकिस्तान को बेनकाब करने का काम करेंगे। अगर जयराम रमेश को इस पर राजनीति दिखती है तो उनके लिए ये ठीक है। गिरिराज सिंह ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ममता दीदी तो ताल ठोक के कहती हैं कि बांग्लादेशी घुसपैठियों को कौन निकालेगा। इससे साफ पता चलता है कि उनकी वफादारी देश से ज्यादा वोट बैंक की राजनीति और घुसपैठियों के साथ है। इसके अलावा, ऐसा लगता है कि उनके पास कोई बड़ा राजनीतिक एजेंडा नहीं है।

### महाराष्ट्र मंत्रिमंडल का विस्तार

## छगन भुजबल ने मंत्री पद की शपथ ली; बोले: अंत भला तो सब भला



**मुंबई ,एजेंसी।** वरिष्ठ एनसीपी नेता और समता परिषद के संस्थापक छगन भुजबल मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस मंत्रिमंडल का हिस्सा बन गए हैं। महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को एक समारोह में उन्हें मंत्री पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह मुख्यमंत्री फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार, मंत्रियों, सरकारी अधिकारियों और एनसीपी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल सहित अन्य नेताओं की उपस्थिति में हुआ।

समारोह के बाद भुजबल ने कहा-'कहते हैं न- अंत भला तो सब भला। मैंने अब तक हर जिम्मेदारी अच्छे से निभाई है। अब भी जो जिम्मेदारी मिलेगी, उसे निभाऊंगा।' मैं मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, दोनों उपमुख्यमंत्रियों के साथ-साथ सुनील तटकरे और प्रफुल्ल पटेल का भी आभार व्यक्त करता हूं। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का भी आभार व्यक्त करता हूं। इसके साथ ही मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र के सभी लोगों, कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों, समता परिषद के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का भी आभार व्यक्त करता हूं। मैं उन सभी का भी आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने अब तक मुझे प्यार और स्नेह दिया है। भुजबल को खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग मिलने की उम्मीद है, उन्होंने इससे पहले इस विभाग की जिम्मेदारी उद्धव ठाकरे और फिर एकनाथ शिंदे (2019-24) के नेतृत्व वाली पिछली सरकारों में उठाई थी।

भुजबल तब काफी समय से नाराज चल रहे थे। दरअसल, 15 दिसंबर को मुख्यमंत्री फडणवीस ने अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया था, लेकिन मंत्री पद नहीं दिया था। आहत भुजबल ने पार्टी नेतृत्व के समक्ष अपनी नाराजगी खुले तौर पर जाहिर की थी और कहा था कि पिछले साल विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी के ओबीसी मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाने के बावजूद उनके बारे में विचार नहीं किया गया। इसके बाद उन्होंने पार्टी के कई कार्यक्रमों से दूरी बना ली थी, लेकिन पार्टी अध्यक्ष अजित पवार और कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल के हस्तक्षेप के बाद उन्होंने संगठनात्मक कार्यों में हिस्सा लेना शुरू कर दिया।

## देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए पुलिस का आधुनिकीकरण जरूरी : योगी



**कासगंज,एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए पुलिस बल का आधुनिकीकरण बहुत जरुरी है। कासगंज में 724 करोड़ रुपये की 60 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास के अवसर पर उन्होंने 25.63 हेक्टेयर में फैली नवनिर्मित अत्याधुनिक पुलिस लाइंस का उद्घाटन भी किया, इसे बनाने में 191 करोड़ रुपये खर्च किए गये हैं। योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार कासगंज की पौराणिक और आध्यात्मिक विकास के साथ ही यहां की बुनियादी सुविधाओं को आधुनिक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 2008 में बना कासगंज जिला विकास के लिए तरस रहा था। 2017 से पहले की सरकारों के एजेंडे में विकास कभी नहीं रहा, अराजकता और भ्रष्टाचार ही उनकी पहचान थी। आज कासगंज विकास के पथ पर तेजी से दौड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कासगंज में नवनिर्मित पुलिस लाइंस उत्तर प्रदेश पुलिस की आधुनिकीकरण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि 191 करोड़ रुपये की लागत से बनी यह पुलिस लाइंस 1,000 पुलिस कर्मियों के लिए बैरक, अधिकारियों के लिए आवासीय सुविधाएं, ऑडिटोरियम और अन्य आधुनिक सुविधाओं से युक्त है। उन्होंने कहा कि पहले पुलिस कर्मी टूटी-फूटी बैरकों में रहने को मजबूर थे, लेकिन अब हाई-राइज इमारतों में शानदार आवासीय सुविधाएं दी जा रही हैं। यह पुलिस लाइंस देश के लिए एक मॉडल है।

योगी ने उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम की तारीफ करते हुए कहा कि यह पुलिस को सशक्त बनाने और आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। सीएम ने कहा कि आज यूपी पुलिस माफियाओं के लिए काल बन चुकी है।

### निचली अदालतों में जजों की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला

## उम्मीदवारों के लिए तीन साल की प्रैक्टिस जरूरी



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को निचली अदालतों में जजों की नियुक्ति पर फैसला सुना दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में कहा कि सभी उच्च न्यायालय और राज्य नियमों में संशोधन करेंगे, ताकि सिविल जज सीनियर डिवीजन के लिए विभागीय परीक्षा के जरिए 10 प्रतिशत पदोन्नति को बढ़ाकर 25 प्रतिशत किया जाए। साथ ही सर्वोच्च अदालत ने सिविल जज जूनियर डिवीजन परीक्षा में बैठने के लिए 3 साल की न्यूनतम प्रैक्टिस की आवश्यकता को बहाल किया है। इसके अलावा, राज्य सरकारें सिविल जज सीनियर डिवीजन के लिए सेवा नियमों में संशोधन करके इसे 25 प्रतिशत तक बढ़ाएंगी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा, सभी राज्य सरकारें नियमों में संशोधन करके यह सुनिश्चित करेंगी कि सिविल जज जूनियर डिवीजन के लिए परीक्षा में शामिल होने वाले किसी भी उम्मीदवार के पास कम से कम 3 साल की प्रैक्टिस का अनुभव होना चाहिए। इसे बार में 10 साल का अनुभव रखने वाले वकील द्वारा प्रमाणित किया जाना चाहिए। इसके अलावा, जजों के लिए लॉ क्लर्क के रूप में किए गए काम के समय को भी जोड़ा जाएगा। साथ ही जज चुने जाने के बाद अदालत में सुनवाई से पहले उन्हें एक साल का प्रशिक्षण लेना होगा।

### 3 हजार 867 करोड़ रूपये की योजना और निर्माण कार्यों की स्वीकृति

## लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर प्रशिक्षण कार्यकम योजना की सैद्धांतिक स्वीकृति

भोपाल। लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के 300 वें जयंती वर्ष पर उनके आदर्शों और मूल्यों को समर्पित मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक इंदौर में राजवाड़ा के दरबार हॉल में हुई। मंत्रि-परिषद ने 3 हजार 867 करोड़ रूपये की योजना और निर्माण कार्यों की स्वीकृति दी। मंत्रि-परिषद ने प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर प्रशिक्षण कार्यकम योजना की सैद्धांतिक स्वीकृति दी। इसमें युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रम संचालित किए जायेगे। योजना में जरूरतमंद व्यक्ति बैंक ब्याज में एक हजार रुपए प्रतिवर्ष छूट के साथ पूरे जीवनकाल के लिए अधिकतम 10 हजार रूपये प्रति व्यक्ति ऋण के ब्याज पर छूट प्राप्त कर सकेगा। प्रतिवर्ष योजना पर लगभग 100 करोड़ रूपए का व्यय किया जायेगा।

**मध्यप्रदेश महानगर क्षेत्र नियोजन एवं विकास अधिनियम- 2025 की स्वीकृति**

मंत्रि-परिषद ने ÷मध्यप्रदेश महानगर क्षेत्र नियोजन एवं विकास अधिनियम-2025÷ को स्वीकृत करने का निर्णय लिया हैं। अधिनियम-2025 लागू होने के बाद ÷महानगर योजना समिति÷ एवं ÷महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण÷ का गठन किया जा सकेगा। साथ ही प्रदेश में ÷इंदौर-उज्जैन-देवास-धार÷ एवं ÷भोपाल-सीहोर-रायसेन-विदिशा-ब्यावरा (राजगढ़)÷ के लिए महानगर योजना समिति एवं महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण का गठन राज्य सरकार द्वारा किया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा भारतीय संविधान में विहित प्रावधानों के अनुसार राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगरों का क्षेत्रीय स्तर पर समग्र विकास को दृष्टिगत रखते हुए "महानगर योजना समिति" एवं "महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण" गठित करने के लिए घोषणा की गई थी। महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा "महानगर क्षेत्र" के लिए विकास योजना प्रारूप तैयार कर महानगर योजना समिति से विकास योजना अनुमोदन हेतु राज्य सरकार को प्रेषित की जाएगी। राज्य सरकार द्वारा महानगर क्षेत्र की विकास योजना को अनुमोदन प्रदान करने के बाद विकास योजना का क्रियान्वयन महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा।



लोकमाता देवी अहिल्याबाई को समर्पित मंत्रि-परिषद की बैठक मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में इंदौर के राजवाड़ा में हुई संपन्न

# नपाध्यक्ष प्रतिनिधि एवं खो-खो संघ अध्यक्ष द्वारा समर कैम्प का अवलोकन

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर जारी



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में गत 5 मई से 5 जून तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रातः 6 से 8 बजे तक आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के दौरान कॉलेज ग्राउंड एवं बायपास पार्क पर फुटबाल, कराते, खो-खो, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, टेबल टेनिस, व्हालीबाल, कबड्डी खेलो में कुशल प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री सुजीत गर्ग एवं खो-खो संघ अध्यक्ष श्री बिहारी सिंह सोलंकी द्वारा खेल अधिकारी श्री अरूण सिंह चौहान के साथ आज ग्रीष्मकालीन खेल शिविर का अवलोकन किया गया। बायपास पार्क में चल रहे कराते प्रशिक्षण के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री सुजीत गर्ग एवं खो-खो संघ अध्यक्ष श्री बिहारी सिंह सोलंकी द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया तथा प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी ली गई। इसके उपरांत उन्होंने कॉलेज के खेल मैदान तथा इंडोर हॉल में आयोजित खेल फुटबाल, हॉकी, टेबल टेनिस, वेटलिफ्टिंग एवं देहात थाना खेल मैदान पर आयोजित खेल खो-खो के खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर श्री आशीष दुबे युवा समन्वयक कराहल, श्रीमती बिन्दू शर्मा युवा समन्वयक श्योपुर, श्री डेलन सिंह जिला खेल प्रशिक्षक ग्रेड 02, श्री पंकज शर्मा सचिव जिला खो-खो संघ, श्री मनुप्रताप सिंह भदौरिया खेल अधिकारी पी.जी. कॉलेज, श्री सचिन वैष्णव सचिव जिला हॉकी संघ, श्री सोनू शर्मा, श्री कुणाल गौड फुटबाल प्रशिक्षक, श्री मनन गुप्ता खो-खो प्रशिक्षक, श्री सूरज भदौरिया वेटलिफ्टिंग प्रशिक्षक, श्री गौरव राजपूत टेबल-टेनिस प्रशिक्षक श्री उदय सिंह राजावत, श्री दुगेश चौहान कराते प्रशिक्षक, श्री बलवीर गुर्जर जिम प्रशिक्षक एवं श्री बृजेश आर्य, वरिष्ठ खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने किराये के लिए दी 4 हजार की सहायता

## उपचार हेतु मार्ग व्यय के लिए उपलब्ध कराई 3 हजार रूपये की सहायता, बुजुर्ग दंपत्ति को पेंशन के लिए मौके पर ही किया बीपीएल में शामिल, ज्योति को मिलेगा संबल योजना का लाभ, जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने जनसुनवाई के दौरान प्राप्त आवेदनो का त्वरित निराकरण करते हुए जहां बुजुर्ग दंपत्ति को सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान करने के लिए तत्काल ही बीपीएल सूची में नाम जोडने की कार्यवाही की गई, वही एक दिव्यांग युवक को प्रतियोगी परीक्षा में तथा एक अन्य युवक को उपचार हेतु जाने के लिए मार्ग व्यय के लिए क्रमशः 4 एवं 3 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। जनसुनवाई के दौरान कुल 199 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, एसडीएम श्री बीएस श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर श्री संजय जैन, श्री वायएस तोमर सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा जनसुनवाई के दौरान विजयपुर क्षेत्र के ग्राम पराष्ठा निवासी दिव्यांग युवक श्री बबलू बंजारा को प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने हेतु भोपाल आने-जाने के मार्ग व्यय हेतु रेडक्रॉस के माध्यम से 4 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा जनसुनवाई के दौरान श्योपुर विकासखण्ड के ग्राम जैनी निवासी श्री विजय सिंह रेंगर को उपचार हेतु इंदौर जाने के लिए मार्ग व्यय के रूप में तीन हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। युवक ने बताया कि वह मुत्र संक्रमण की बीमारी से ग्रसित है तथा आयुष्मान के तहत उसका उपचार इंदौर के अस्पताल में होना है। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नही होने से इंदौर नही जा पा रहा है, इस पर युवक को रेडक्रॉस के माध्यम से राशि प्रदान की गई। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा ग्राम ढेगदा निवासी बुजुर्ग दंपत्ति द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए प्रस्तुत आवेदन पर तत्काल ही संवेदनशीलता के साथ बीपीएल सूची में नाम जोडकर सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ दिये जाने के निर्देश दिये गये, जिसके क्रम में बुजुर्ग दंपत्ति श्री रामचंद्र बैरवा-श्रीमती रामबाई का नाम तत्काल ही तहसीलदार द्वारा बीपीएल सूची में जोडने की कार्यवाही की गई तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए प्रकरण पोर्टल पर अपलोड किया गया, अगले महीने से बुजुर्ग दंपत्ति को पेंशन प्राप्त होने लगेगी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा आवेदक महिला श्रीमती ज्योति बैरवा निवासी रायपुरा को उनके द्वारा प्रस्तुत आवेदन के परीक्षण उपरांत अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के तहत दो लाख रूपये की राशि स्वीकृत होकर ईपीओ जारी हो चुका है तथा शीघ्र ही बैंक खाते के माध्यम से राशि प्राप्त होगी।



महिला ने अपने पति स्व. श्री ओमप्रकाश बैरवा की मृत्यु हो जाने पर संबल योजना का लाभ दिये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया था। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा जनसुनवाई के दौरान दो परिवारों के सात बच्चों को स्पोन्सरशिप योजना में लाभ दिये जाने के निर्देश दिये गये। वार्ड नंबर 6 श्योपुर निवासी महिला श्रीमती दुर्गा बाई प्रजापति ने जनसुनवाई के दौरान अवगत कराय कि उसके पति स्व. श्री गिर्राज प्रजापति की मृत्यु के उपरांत परिवार का लालन-पालन करने में कठिनाई हो रही है, उसके तीन बच्चे है जो छोटे है। इसी प्रकार सुखवास आंनदपुरा निवासी श्रीमती ओमी बाई ने भी बताया कि पति स्व. श्री राम सिंह सुमन की मृत्यु हो जाने से चार बच्चों के भरण पोषण में परेशानी आ रही है। इस पर महिला बाल विकास अधिकारी को स्पोन्सरशिप योजना में जोडकर लाभ देने के निर्देश दिये गये। श्रवण यंत्र प्रदाय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा जनसुनवाई के दौरान 55 वर्षीय व्यक्ति श्री सिराज निवासी भैसपाडा श्योपुर को सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। आरबीएसके योजना में उपचार के निर्देश कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा ग्राम श्रीजी की गांवडी निवासी श्री हंसराज बैरवा के 14 माह के पुत्र शिवांश का उपचार राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत कराये जाने के निर्देश दिये गये। बालक के माता-पिता ने बताया कि उसके पुत्र के एक पैर जन्म से ही टेडा है, जिसका ऑपरेशन किया जाना है। इस पर बालक का निशुल्क उपचार आरबीएसके के तहत कराये जाने हेतु स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इसी प्रकार ग्राम ढोढर निवासी बालक शिजांश का आरबीएसके चिकित्सको की टीम द्वारा परीक्षण किये जाने के साथ ही उचित उपचार के संबंध में निर्देश दिये गये। कैंसर से पीडित महिला श्रीमती पिस्ता बाई निवासी नारायणपुरा का उपचार भी आयुष्मान भारत निरामयम योजना के तहत कराये जाने के निर्देश दिये गये।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से

## खरीफ मौसम से संबंधित फसलों की उन्नत तकनीक से किसानों को अवगत करायें-डीएम

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अधिकारी श्री अर्पित वर्मा ने कहा कि केन्द्रीय एवं मध्यप्रदेश सरकार की प्रमुख कृषि योजनाओं, कृषि वैज्ञानिको द्वारा खोजी गई नवीन तकनीकियों, उन्नत फसलों से किसानों को जानकारी प्रदान करने के लिए 29 मई से 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत खरीफ मौसम में उत्पादित होने वाली विभिन्न फसलो की नवीन एवं उन्नत किस्मों, तकनीकियों से किसानों को अवगत कराया जायें। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उक्त अभियान के तहत आयोजित बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने कहा कि अभियान में कृषि सहित सभी आदान विभाग उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य, कृषि अभियांत्रिकी, कृषि विज्ञान केन्द्र बडौदा आदि को शामिल किया जायें। इसके साथ ही अभियान से



प्रगतिशील कृषको को जोडा जायें। किसानों के लिए उपयोगी विभिन्न शासकीय योजनाओं तथा नीतियों के बारे में किसानों को जागरूक करने का कार्य किया जायें। उन्होने कहा कि अभियान के तहत किसानो को मृदा स्वास्थ्य कार्ड में मिट्टी की उपयोगिता के आधार पर सुझाई गई फसलो के चयन तथा संतुलित खाद के उपयोग के लिए प्रशिक्षित किया जायें। प्राकृतिक खेती और फसल विविधिकरण को बढावा दिया जायें।

बैठक में उप संचालक संचालक कृषि श्री जीके पचौरिया, उप संचालक पशुपालन डॉ सुभाषबाबू दौहरे, सहायक संचालक मत्स्योद्योग श्री बीपी झसिया, उद्यानिकी तकनीकी सहायक श्री एसएस प्रजापति, एसएडीओ श्री अरूण शाक्य सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उक्त अभियान के संचालन के लिए सहायक संचालक कृषि श्री पान सिंह करोरिया को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# नवांकुर समीक्षा बैठक संपन्न

**श्योपुर ब्यूरो।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक श्री धर्मेंद्र सिंह सिसोदिया की अध्यक्षता में नवांकुर योजना अंतर्गत चयनित स्वैच्छिक संस्थाओं की त्रैमासिक समीक्षा बैठक का आयोजन जिला पंचायत सभागार में किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह एवं ब्लॉक समन्वयक श्रीमती नीतू सिंह एवं श्रीमती शाहीन परवीन उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में संभागीय समन्वयक श्री सिसौदिया द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गतिविधियां, नवांकुर नर्सरी, नवापुर उपवन एवं जन सूचना केंद्र तथा वाचनालय आदि के विषय में संस्थाओं को निर्देश दिए। उन्होंने विगत वर्ष संस्थाओं द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की एवं आगामी कार्यों के लिए निर्देश प्रदान किये। समीक्षा बैठक में तीनों विकास खंड की संस्थाओं द्वारा कार्य के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत किये। बैठक में श्रीमती नेहा सिंह ने 30 मार्च से 30 जून तक चलने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत संस्थाओं द्वारा की जाने वाली विभिन्न गतिविधियां जैसे श्रमदान, स्लोगन प्रतियोगिता,



जल गोष्ठी, मेहंदी इत्यादि द्वारा जन जागरूकता आदि गतिविधियों के बारे में संभागीय समन्वयक में को अवगत कराया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री राजा खान, श्री दिनेश मीणा, श्री अविनाश माहोर, श्री राजेश मीणा, श्री दीपक गुप्ता, श्री कल्याण मारू, श्री भास्कराचार्य टकसाली, श्री दिलीप तिवारी, श्री नितेश शर्मा, श्री राम लखन सुमन, श्रीनिवास शर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# आबकारी के 3 प्रकरण दर्ज, 73 हजार रूपये की अवैध शराब जब्त

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा मदिरा के अवैध संग्रह, विक्रय, परिवहन पर कड़ा नियंत्रण रखने के लिए दिये गये निर्देशो के क्रम में जिला आबकारी अधिकारी श्री कमल सिंह सिकरवार के नेतृत्व में श्योपुर जिले में अवैध मदिरा पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जिले में आबकारी पुलिस द्वारा वृत्त श्योपुर के ग्राम मठेपुरा में दबिश दी गई। कार्यवाही में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत 3 प्रकरण दर्ज किए गए। उक्त कार्वाई में 42 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जप्त की गयी एवं लगभग 650 किलोग्राम लाहन मौके पर नष्ट किया गया, जप्त शुदा सामग्री की कुल कीमत लगभग 73400 रुपये पाई गई। कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक श्री संजीव कुमार धुर्वे, मुख्य आरक्षक श्री कल्याण सिंह जादौन एवं होमगार्ड सैनिक उपस्थित रहें।



# जल गंगा संवर्धन अभियान- बनाये जा रहे 637 तालाब

## प्राचीन कुए एवं बावडियों का भी जीर्णोद्धार, 48 हजार से अधिक ट्रॉली उपजाऊ मिट्टी निकालकर खेतो में डाली गई

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान सफलतापूर्वक जारी है। इसके तहत जल संरचनाओं को न केवल सहेजने का कार्य किया जा रहा है, बल्कि पुराने तालाबों के जीर्णोद्धार के साथ ही नये खेत तालाब भी बनाये जा रहे है। इसके साथ ही प्राचीन और एतिहासिक महत्व की 41 बावडियों की साफ-सफाई एवं रंगाई-पुताई का कार्य भी किया जा रहा है। नवाचार के तहत जिले में पहली बार जल स्तर को बढाने के लिए 85 रिचार्ज शॉफ्ट के कार्य भी कराये जा रहे है। इसके अलावा विभिन्न माध्यमों से लोगों को जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के लिए जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर ने बताया कि अभियान के तहत 527 खेत तालाब बनाये जा रहे है, यह सभी तालाब मनरेगा के हितग्राही मूलक योजना के तहत संचालित है। इसी प्रकार जिले में 110 तालाबों की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार का कार्य किया गया है, जिससे तालाबों की जलभराव क्षमता में वृद्धि होगी। परियोजना अधिकारी



श्री विक्रम जाट ने बताया कि तालाबों की मरम्मत एवं खेत तालाबों के कार्यो से अभी तक लगभग 48 हजार से अधिक ट्रॉली उपजाऊ मिट्टी किसानों द्वारा अपने खेतो में निकालकर डाली गई है। पुराने तालाबों के जीर्णोद्धार एवं गहरीकरण कार्य से निकली मिट्टी फसल उत्पादन के लिए बेहतर मानी जाती है, जिसे किसान अपने खेतो में उपयोग कर रहे है। खेत तालाब से लगभग 980 किसान लाभान्वित होंगे, इसके अलावा सार्वजनिक 110 तालाबों की जल भराव क्षमता बढने से किसानों को सिंचाई के साथ ही निस्तारी आवश्यकताओं की पूर्ति होगी। उन्होने बताया कि तालाबों एवं जल संरचनाओं का गहरीकरण होने से जल भराव क्षमता 84 लाख घन मीटर के लगभग हो गई है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा की पहल पर जिले में पहली बार जल संरक्षण के क्षेत्र में रिचार्ज शाफ्ट तरीके को अपनाया गया है। यह भू-जल स्तर बढाने में बेहद कारगर है। बताते हैं कि वर्षा जल भूमि में पहुंचाने के लिए किये जाने वाले अन्य उपायों में सबसे ज्यादा प्रभावी उपाय रिचार्ज शाफ्ट है। जिले में रिचार्ज शाफ्ट के 85 कार्य संचालित है, इसमें से 45 स्थानों पर कार्य पूर्ण कर लिये गये है।

# कलेक्टर ने लहार जनपद में जनसुनवाई कर आवेदकों की समस्या का किया निराकरण

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए, केंसर पीड़ित को रेडक्रास से तत्काल प्रदान की 05 हजार रू. की सहायता, जिला मुख्यालय पर अपर कलेक्टर ने की जनसुनवाई

**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर भिण्ड श्री संजीव श्रीवास्तव द्वारा राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम जनसुनवाई के अंतर्गत तहसील लहार में जाकर जनसुनवाई लेने का निर्णय लिया गया। आज जनपद पंचायत कार्यालय लहार के मीटिंग हॉल में कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में कलेक्टर ने आवेदकों की बात सुनी और प्राप्त आवेदनों पर गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव द्वारा जनपद पंचायत कार्यालय लहार में आयोजित जनसुनवाई में इलाज हेतु आर्थिक सहायता के लिए आए केंसर पीड़ित श्री विजेंद्र कुमार पुत्र श्री चित्र सिंह परिहार निवासी लहार को रेडक्रास से तत्काल 05 हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। जनसुनवाई कार्यक्रम में एसडीएम लहार श्री विजय यादव, सीईओ जनपद लहार, तहसील स्तर के विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे और आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान



कलेक्टर ने गंभीर बीमारी से संबंधित इलाज, विद्युत बिलों में सुधार, हैण्डपंपों का संधारण, पेंशन, सड़क दुघर्टना सहायता, हितग्राही मूलक योजनाओं में बैंक ऋण, बीपीएल राशन कार्ड, जमीन पर कब्जा एवं प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराने से संबंधित आवेदनों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके संबंध में आवेदक को भी कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश भी दिए।

### जिला मुख्यालय पर 70 से अधिक आवेदनों पर कार्यवाही के दिए निर्देश

कलेक्ट्रेट में आयोजित शासन की महत्वाकांक्षी योजना जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री एल.के. पाण्डेय ने आवेदकों की समस्याओं, शिकायतों को सुना और उनका निराकरण किया। कुछ प्रकरणों में संबंधित जिला अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही एवं शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान 70 से अधिक आवेदन आए जिन पर संबंधितों को भेजकर कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शिवांगी अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी, शहरी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# गायत्री शक्तिपीठ पर शुरु हुआ अभियान दाना पानी

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**बीरपुर।** गायत्री परिवार ट्रस्ट द्वारा गायत्री शक्तिपीठ में भीषणगर्मी से त्रस्त पशु पक्षियों के लिए पानी से भरे सकोरे वृक्षों पर टांगे गए हैं व दाना भी नित्यप्रति डालने का सराहनीय कार्य किया गया है। ट्रस्ट के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी आदित्य चौहान ने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ परिसर में विभिन्न प्रजातियों के लगभग पांच से छः सैकडा वृक्ष लगे हुए हैं ।इन वृक्षों पर सैकड़ों पक्षियों का डेरा है। सुबह शाम पक्षियों का कलरव सबका मन मोह लेता है। परंतु गर्मी बढ़ने से



दाना पानी को लेकर पक्षी परेशान नजर आने लगे हैं।बडी संख्या में पक्षी यहां लगी टंकी की टोंटी से बूंद बूंद टपकते पानी से अपनी प्यास बुझाते नजर आते हैं।इसे दृष्टिगत रखते हुए गायत्री परिवार द्वारा उन्हें पानी के साथ साथ दाना उपलब्ध कराने हेतु कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है जिसके तहत आज वृक्षों पर एक दर्जन से अधिक पानी के सकोरे टांगें गये। कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री परिवार के जिला समन्वयक चौथमल शर्मा, महात्मा गांधी सेवा आश्रम के प्रबंधक जयसिंह जादौन, वरिष्ठ समाजसेवी कैलाश पाराशर, गायत्री परिवार ट्रस्ट के ट्रस्टी पूरणमल जांगिड़,एम एल बी स्कूल के प्राचार्य ब्रजनेश सिंह परिहार, विद्यालय के प्रबंधक पुष्पेन्द्र सिंह परिहार के द्वारा की गई।

# गायत्री शक्तिपीठ पर शुरू हुआ अभियान दाना पानी

**श्योपुर ब्यूरो।** मई माह में सूर्य देव अपनी तेज किरणों से सबको झुलसाने मे जुटे हैं मई के प्रारंभिक दिनों में जहां आंधी पानी का जोर रहने से गर्मी का उतना असर देखने में नहीं आया जितना अब नजर आ रहा है। तापमान जो चालीस सेंटीग्रेड से नीचे था अब चवालीस पैंतालीस तक पहुंच रहा है। जिसका असर आम लोगों पर तो पड ही रहा है साथ ही पशु पक्षी भी गर्मी से त्रस्त नजर आ रहे हैं ऐसे में गायत्री परिवार ने गायत्री शक्तिपीठ पर अभियान दाना पानी शुरू किया है।यह जानकारी प्रदान करते हुए गायत्री परिवार ट्रस्ट के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी आदित्य चौहान ने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ परिसर में विभिन्न प्रजातियों के लगभग पांच से छः सैकडा वृक्ष लगे हुए हैं ।इन वृक्षों पर सैकड़ों पक्षियों का डेरा है। सुबह शाम पक्षियों का कलरव सबका मन मोह लेता है। परंतु गर्मी बढ़ने से दाना पानी को लेकर पक्षी परेशान नजर आने लगे हैं।बडी संख्या में पक्षी यहां लगी टंकी की टोंटी से बूंद बूंद टपकते पानी से अपनी प्यास बुझाते नजर आते हैं।इसे दृष्टिगत रखते हुए गायत्री परिवार द्वारा उन्हें पानी के साथ साथ दाना उपलब्ध कराने हेतु कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है जिसके तहत आज वृक्षों पर एक दर्जन से अधिक पानी के सकोरे टांगें गये तथा उनमें पानी भरा गया ताकि पक्षियों को पर्याप्त पानी मिल सके। इसके साथ साथ आर्थिक सहयोग प्रदान कर अनाज भी खरीदा गया जिसे सुबह सुबह मंदिर परिसर में पक्षियों के लिए डाला जायेगा।आज इस कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री परिवार के जिला समन्वयक चौथमल शर्मा, महात्मा गांधी सेवा आश्रम के प्रबंधक जयसिंह जादौन, वरिष्ठ समाजसेवी कैलाश पाराशर, गायत्री परिवार ट्रस्ट के ट्रस्टी पूरणमल जांगिड़,एम एल बी स्कूल के प्राचार्य ब्रजनेश सिंह परिहार, विद्यालय के प्रबंधक पुष्पेन्द्र सिंह परिहार के द्वारा की गई।



# चार लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत



**भिण्ड ब्यूरो।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गोहद द्वारा तहसीलदार गोहद के प्रतिवेदन पर से वार्ड न. 12 हॉस्पीटल के पास गोहद निवासी सीमा पत्नी राजबहादुर की मृत्यु जहरीले सर्प द्वारा काटे जाने से उनके वैद्य वारिस पति राजबहादुर को आर बी सी 6(4)में निहित प्रावधानों के अन्तर्गत 4 लाख रू की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

# चार लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**भिण्ड ब्यूरो।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गोहद द्वारा तहसीलदार गोहद के प्रतिवेदन पर से वार्ड न. 12 हॉस्पीटल के पास गोहद निवासी सीमा पत्नी राजबहादुर की मृत्यु जहरीले सर्प द्वारा काटे जाने से उनके वैद्य वारिस पति राजबहादुर को आर बी सी 6(4)में निहित प्रावधानों के अन्तर्गत 4 लाख रू की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

# प्रभारी परियोजना अधिकारी भिण्ड शहरी द्वारा कई आंगनवाडी केन्द्रों का किया गया निरीक्षण

## आंगनवाडी केन्द्रों से अनुपस्थित होने पर आंगनवाडी कार्यकर्ता/ सहायिकाओं का मानदेय काटने की गई कार्यवाही, आंगनवाडी कार्यकर्ता श्रीमती सपना पाण्डेय की कई माह से अनुपस्थित रहने के कारण सेवा समाप्त

**भिण्ड ब्यूरो।** परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना भिण्ड शहरी ने बताया है कि दिनांक 19 मई 2025 को प्रभारी परियोजना अधिकारी भिण्ड शहरी श्रीमती रजनी करोरिया द्वारा सेक्टर क्र. 01 के कई आंगनवाडी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आंगनवाडी कार्यकर्ताध्सहायिका अनुपस्थित पाई गई, जिनमें आ.बा. कार्यकर्ता केन्द्र 4ध्1 श्रीमती कुन्तेश सेंगर, आ.बा. कार्यकर्ता केन्द्र 5ध्2 श्रीमती मिथलेश चौहान, आ.बा. सहायिका केन्द्र 5ध्2 श्रीमती अनारकली ओझा, आ.बा. कार्यकर्ता केन्द्र 3ध्2 श्रीमती सुमन मिश्रा व इसी केन्द्र की सहायिका हर्षवती वर्मा, आ.बा. कार्यकर्ता केन्द्र 3ध्3 श्रीमती गंगा मिश्रा, आ.बा. सहायिका केन्द्र 3ध्3 अनीता, आ.बा. सहायिका केन्द्र 6ध्5 श्रीमती मालती शर्मा एवं आं.बा. कार्यकर्ता केन्द्र 6/2 सुशीला दीक्षित अपने-अपने आंगनवाडी केन्द्र से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित होने के फलस्वरूप सभी आंगनवाडी कार्यकर्ता सहायिकाओं का 07-07 दिवस का मानदेय काटने की कार्यवाही तत्काल प्रभाव से की गई है साथ ही आंगनवाडी कार्यकर्ता केन्द्र 36ध्3 की कार्यकर्ता श्रीमती सपना पाण्डेय के कई माह से अनुपस्थित रहने के कारण इनकी सेवा समाप्त की गई।

# ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस हाईवे किसानों को चार गुना मुआवजा दिया जाए

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**सबलगढ़।** ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस हाईवे में जिन किसानों की जमीन अधिग्रहित की जा रही है। उन्हें भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के अनुसार बाजार मूल्य से चार गुना मुआवजा दिया जाए। शासकीय गाइडलाइन दुगनी की जाए तत्पश्चात मुआवजे का निर्धारण किया जाए। इसके अलावा डभैरा से टेंटरा के लिए निकाले जा रहे बायपास रोड को एलाइनमेंट बदलकर नहर के किनारे से निकाले जाने की मांग को लेकर तथा कैलारस में नगरीय क्षेत्र में शासकीय भूमि पर वर्षों से बस रहे आवासहीन परिवारों को पट्टाधृत अधिकारों का प्रदान किया जाने के अंतर्गत पट्टे देने और आवास स्वीकृत करने के लिए सैकड़ो की संख्या में किसान , नौजवान और महिलाएं कलेक्ट्रेट कार्यालय पर पहुंचे। यह सभी चंबल कॉलोनी पार्क से रैली निकाल कर पहुंचे और अपनी-अपनी मांगों के लिए पृथक पृथक सभी ने ज्ञापन प्रस्तुत किए। इस कार्यवाही से पहले किसने की सभा हुई जिसे मध्य प्रदेश



किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवारी व किसान नेता श्री मुरारी लाल धाकड़, जे के पिप्पल, श्री कृष्णा यादव, ओम प्रकाश श्रीवास, राम प्रकाश सिंह गुर्जर , थान सिंह एडवोकेट, सियाराम सिंह वीरेंद्र सिंह हरसाना, राम प्रकाश सिंह गुर्जर आदि ने संबोधित किया। सभा का संचालन रिटायर्ड प्राचार्य जन्डैल सिंह गुर्जर ने किया। प्रदर्शन, रैली, सभा के पश्चात ज्ञापन वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लिया गया। उन्होंने आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन भी दिया है।

तत्पश्चात किसानों ने ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे और डभैरा बाईपास पट्टे आवास को लेकर प्रत्येक पृथक किसान पंचायतें आयोजित करने का निर्णय लिया है। एक जून को माता बसैया के पास ग्रीन फील्ड के किसानों की विशाल महापंचायत रखी गई है। जिसमें आगे अनिश्चितकालीन आंदोलन का कार्यक्रम बनाया जाएगा। इसी तरह अन्य स्थानों पर भी आंदोलन आन्दोलनात्मक कार्यवाहियां की जाएगी।

# सिरनाम की जमीन संबंधी समस्या का तहसीलदार मौके पर जाकर कराएंगे समाधान

## जन-सुनवाई ने दिया सहारा, कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में 174 लोगों की हुई सुनवाई



**ग्वालियर।** जमीन संबंधी विवाद में न्याय दिलाने की आस लेकर पहुँचे मुरार तहसील के ग्राम करिगवॉ निवासी श्री सिरनाम सिंह को कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई ने सहारा दिया है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने क्षेत्रीय तहसीलदार को मौके पर जाकर सिरनाम की जमीन के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) न्यायालय द्वारा पारित किये गए स्थगन आदेश का पालन कराकर उनकी समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट की जन सुनवाई में इस बार 174 लोगों की समस्याएं सुनी गईं। मंगलवार को कलेक्ट्रेट की जन सुनवाई में पहुँचकर ग्राम करिगवॉ निवासी श्री सिरनाम सिंह व उनके परिजनों ने कलेक्टर श्रीमती चौहान को अपनी व्यथा सुनाई। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने उनकी बात ध्यान पूर्वक सुनी और समस्या के समाधान का पुख्ता भरोसा दिलाया। सिरनाम का कहना था कि ग्राम धनेली में उनके स्वामित्व की कृषि भूमि है जिस जमीन का गलत तरीके से कुछ लोगों द्वारा बटवारा करा कर अपने नाम आदेश करा लिया था। इस पर मेरे द्वारा अनुविभागीय अधिकारी मुरार के न्यायालय में अपील की गई। बटवारे संबंधी आदेश पर अनुविभागीय अधिकारी न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश दे दिया गया है। इसके बावजूद कुछ लोगों द्वारा जबरन जमीन पर निर्माण कर कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने क्षेत्रीय तहसीलदार को निर्देश दिए है कि वे मौके पर जाकर स्थगन आदेश का पालन कराएं। यदि कोई आदेश का उल्लंघन कर जमीन पर निर्माण करने की कोशिश करे तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए। कलेक्टर से मिले पुख्ता आश्वासन के बाद सिरनाम व उनके परिजन सरकार द्वारा संचालित जन सुनवाई के प्रति धन्यवाद व्यक्त करते हुए अपने घर लौटे। जन सुनवाई में कलेक्टर श्रीमती चौहान एवं जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने एक-एक कर सभी आवेदकों की समस्याएं सुनीं। साथ ही उनके आवेदनों के निराकरण की रूपरेखा तय की। इस बार की जन सुनवाई में कुल 174 लोगों की सुनवाई की गई। इन में से 106 लोगों के आवेदन दर्ज किए गए। साथ ही 68 आवेदन सीधे ही संबंधित अधिकारियों को निराकरण के लिए दिए गए। जन सुनवाई में सामने आए पति-पत्नी के एक आपसी विवाद के समाधान के लिए कलेक्टर श्रीमती चौहान ने महिला बाल विकास विभाग के माध्यम से काउंसलिंग कराने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि पति-पत्नी दोनों को बुलाकर काउंसलिंग करें , जिससे परिवार टूटने से बच सके। जन सुनवाई में जरूरतमंदों के निःशुल्क इलाज की व्यवस्था कराई गई। साथ ही जमीन संबंधी एवं व विद्युत व नगर निगम सहित अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्ट्रेट की जन सुनवाई में अपर कलेक्टर श्री कुमार सत्यम व श्री टी एन सिंह तथा संयुक्त कलेक्टर श्री सुरेश कुमार बरहादिया व श्री विनोद सिंह तथा एसडीएम मुरार श्री नरेश कुमार गुप्ता सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने भी जन समस्याएं सुनीं और लोगों के आवेदनों के निराकरण की रूपरेखा तय की।

# नागरिक सुरक्षा को लेकर शिक्षण संस्थानों में भी दिया जा रहा है प्रशिक्षण, विद्यार्थियों ने जानी आपदा के समय बरती जाने वाली सावधानियां, बचाव के तरीके भी सीखे

## एसडीआरएफ व होमगार्डस के दल ने आईटीएम कॉलेज में दिया प्रशिक्षण, आपदा मित्र बनने के लिए आगे आए विद्यार्थी




**ग्वालियर।** जिले में नागरिक सुरक्षा को लेकर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर शिक्षण संस्थानों में भी राज्य आपदा प्रबंधन दल (एसडीआरएफ) व होमगार्डस के माध्यम से विद्यार्थियों व शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस कड़ी में आईटीएम कॉलेज में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से बताया गया कि हवाई हमला या फिर किसी अन्य आपदा की स्थिति में कौन-कौन सी सावधानियां बरतनी हैं।

नागरिक सुरक्षा से संबंधित 12 महत्वपूर्ण सेवाओं की जानकारी प्रशिक्षण के दौरान खासतौर पर दी गई। प्रशिक्षण के दौरान आईटीएम के विद्यार्थी उत्साह से ओतप्रोत हो गए और बहुत से विद्यार्थियों ने सहमति जताई कि वे स्वेच्छा से आपदा मित्र के रूप में अपनी सेवाएं देने के लिए तैयार हैं। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि सायरन बजने पर क्या करना है, मौके पर उपलब्ध संसाधनों से घायलों की कैसे मदद करनी है, ब्लीडिंग कैसे रोकनी है , लोगों को कैसे सुरक्षित निकालना है और रासायनिक व जैविक हमलों से कैसे बचना है । साथ ही आपात स्थिति निर्मित होने पर अपनाई जाने वाली सावधानियां एवं जरूरतमंदों तक मदद पहुँचाने से संबंधित तमाम बारीकियां सिखाई गईं। यह प्रशिक्षण केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा दिए गए आदेशों व महानिदेशक होमगार्ड द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुरूप आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान आपदा प्रबंधन उपकरणों का प्रदर्शन भी किया गया।

### आपदा मित्र बनकर घायलों की मदद करने के तरीके बताए

एसडीआरएफ के जवानों ने नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण के दौरान स्ट्रेचर बनाने, घायलों को सुरक्षित रूप से बाहर निकालने के विभिन्न तरीके एवं प्राथमिक चिकित्सा देने की विधियों का व्यवहारिक व जीवंत प्रदर्शन करके दिखाया। एसडीआरएफ के जवानों ने कहा कि आम नागरिक भी इन विधियों को अपनाकर आपदा मित्र की भूमिका निभा सकते हैं। आपदा के समय सीपीआर देकर लोगों का जीवन बचाने की बारीकियां भी उन्होंने प्रभावी ढंग से समझाईं। साथ ही बताया कि आपदा की स्थिति में दीवारों के किनारे, टेबल इत्यादि के नीचे सहारा लें। यदि सड़क से जा रहे हों तो पुलों इत्यादि के नीचे वाहन रोककर खड़े हो जाएं।

### रासायनिक हमला होने पर मुँह पर गीला कपड़ा बाँधें और हवा की विपरीत दिशा से निकलें

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि यदि कहीं रासायनिक एवं जैविक हमला हुआ हो तो मुँह पर गीला रूमाल या कपड़ा बांधकर हवा के विपरीत दिशा से निकलना चाहिए। इसके बाद सुरक्षित स्थान पर पहुँचकर साबुन लगाकर अच्छी तरह मुँह-हाथ धोकर नहा लेना चाहिए। मुल्तानी मिट्टी व राख से हाथ व शरीर की सफाई भी अत्यंत कारगर रहती है।

### ब्लैक आउट का सायरन बजने पर घरों की बत्तियाँ बंद कर पर्दे डाल दें

प्रशिक्षण के दौरान खासतौर पर बताया गया कि ब्लैक आउट का सायरन बजते ही घरों की बत्तियाँ बंद कर दें। साथ ही दरवाजों व खिड़कियों के पर्दे डाल दें। प्रयास ऐसे हों कि जरा सी भी रोशनी घर के बाहर नहीं दिखनी चाहिए।

# आद्रा इंडिया संस्था द्वारा रेन बसेरा पर लगाया गया कूलिंग सिस्टम




**ग्वालियर।** जन समुदाय को लू ताप घात से बचाव हेतु उपायों, व सावधानियों के बारे में जिला प्रशासन के निर्देशन में नगर निगम द्वारा निरतंर प्रयास किये जा रहे है। इसी मुहिम संस्था Adra India, हरियाणा गुड़गांव द्वारा निरन्तर मुख्य चौराहों पर नुक्कड़ नाटक, ओ आर एस किट का वितरण आदि के द्वारा जन समुदाय को जानकारी दी जाकर सराहनीय एवम मानवीय कार्य किया जा रहा है संस्था द्वारा आज दिनांक 20.05.2025 को नगर निगम अंतर्गत संचालित आश्रय स्थलों में कूलिंग सेंटर की स्थापना जैसे नवाचार किये जा रहे है, जिसके तहत आज आश्रय स्थल बस स्टैंड क्रमांक 1 एवम 2 पर संचालित रैन बसेरे पर कूलिंग सेंटर की स्थापना की गई जिसमें संस्था द्वारा 4 कूलर एवम 1 वाटर डिस्पेंसर , ओ, आर, एस किट का वितरण संस्था के सौजन्य से किया गया। सामाजिक सरोकार के इस कार्यक्रम में आज नगर निगम उपायुक्त श्री उत्तम जखेनिया, संस्था के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर श्री रामकुमार चौहान , अनुराधा कुशवाह फील्ड कोऑर्डिनेटर एवम शहरी आजीविका मिशन से वेद सिंह राजपूत, संदीप राजपूत, शुभम शर्मा, दीपक झा एवम समस्त केयर टेकर उपस्थित रहे।

# सफलता के प्रतिमान गढ़ रहा है सांदीपनि विद्यालय कुलैथ

## कुलैथ क्षेत्र के गाँवों में शिक्षा की नई अलख जगाई है विद्यालय ने



**ग्वालियर।** सुसज्जित क्लास रूम व प्रिंट रिच वातावरण के बीच बैठकर साफ-सुथरी यूनीफॉर्म में पढ़ाई कर रहे बच्चों को देखकर कोई भी यही अंदाजा लगाएगा कि यह किसी महानगर के प्रतिष्ठित निजी स्कूल का दृश्य है। पर यहाँ बात हो रही है ग्वालियर जिले के ग्राम कुलैथ में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित सांदीपनि विद्यालय (सीएम राईज) की। यहाँ के बच्चों को प्रतिष्ठित प्रायवेट स्कूलों के तर्ज पर अच्छे वातावरण में पढ़ाई की सुविधा मिली तो उन्होंने इस साल के हाई स्कूल व 12 वीं के परीक्षा परिणाम में कीर्तिमान स्थापित कर दिखाया। इस विद्यालय में कुलैथ एवं अन्य समीपवर्ती गाँवों में शिक्षा की नई अलख जगाई है। सांदीपनि विद्यालय कुलैथ के प्राचार्य श्री संजीव शर्मा के नेतृत्व में यहाँ के शिक्षकों द्वारा दी गई गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बच्चों की लगन व अथक मेहनत की बदौलत इस साल 12वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत व दसवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत रहा है। प्रदेश सरकार ने जिस मंशा के साथ ग्राम कुलैथ में सांदीपनि विद्यालय स्थापित किया था, उस मंशा पर यह विद्यालय खरा उतर रहा है। सांदीपनि विद्यालय कुलैथ के शुरूआती शिक्षा सत्र 2022-23 में 12 वीं का परीक्षा परिणाम 37 प्रतिशत व हाई स्कूल का 49 प्रतिशत रहा था । सरकार ने विद्यालय में सुविधाएं बढाई तो शिक्षक भी पूरे समर्पण के साथ बच्चों को पढ़ाने में जुट गए। जाहिर है इसके सुखद परिणाम धरातल पर सामने आने लगे। शिक्षा सत्र 2023-24 में परीक्षा परिणाम में उल्लेखनीय सुधार आया। इस सत्र में 12 वीं का परिणाम 80 प्रतिशत तो 10 वीं का 63 प्रतिशत पहुँच गया। मौजूदा सत्र (2024-25) में 12वीं का परिणाम 100 प्रतिशत व 10 वीं का 90 प्रतिशत रहा है। सांदीपनि विद्यालय कुलैथ के प्राचार्य श्री शर्मा बताते हैं कि विद्यालय की हर कक्षा में आवश्यकता के अनुरूप चार्ट, डायग्राम, ग्लोब व सॉफ्ट बोर्ड उपलब्ध है। आईटी लैब एवं स्मार्ट क्लास में विद्यार्थियों को कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया जाता है। विद्यालय के तीन स्पेशल कक्षों में स्मार्ट टीवी के माध्यम से भी पढ़ाई कराई जाती है। व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत कृषि एवं आईटी ट्रेड की पढ़ाई भी विद्यालय में होती है। केवल पढ़ाई की उत्कृष्ट सुविधाएं ही नहीं विद्यालय में क्रिकेट, जिम्नास्टिक, योग, टेबल टेनिस इत्यादि खेल सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। विभिन्न राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में विद्यालय के बच्चों ने जिले का नाम रोशन किया है। वर्तमान में यह विद्यालय दो पुराने भवनों में संचालित है। एंकर विद्यालय(कक्षा 9 से 12) दो शिफ्ट में व कैम्पस विद्यालय (कक्षा 1 से 8) एक शिफ्ट में संचालित किया जा रहा है। एंकर विद्यालय में सभी विषयों के शिक्षक उपलब्ध हैं। कैम्पस विद्यालय में जरूरत के मुताबिक अतिथि शिक्षकों का सहयोग लिया जा रहा है। प्राचार्य श्री संजीव शर्मा बताते है कि पहले बमुश्किल 20 प्रतिशत बच्चे विद्यालय में उपस्थित होते थे। सरकार ने सुविधाएं उपलब्ध कराईं और शिक्षकों ने समर्पण भाव से पढ़ाया तो बच्चों की उपस्थिति भी बढ़ गई। अब शत-प्रतिशत बच्चे विद्यालय में पढ़ने आने लगे है।

### दस एकड़ क्षेत्र में निर्माणाधीन है अत्याधुनिक भवन

सांदीपनि विद्यालय कुलैथ के लिए साडा क्षेत्र में लगभग 10 एकड़ जमीन पर करीबन 35 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक एवं सर्व सुविधायुक्त भवन निर्माणाधीन है। प्राचार्य श्री शर्मा के अनुसार अगले लगभग तीन माह के भीतर यह भवन बनकर तैयार हो जाएगा। क्षेत्रीय निवासी एवं विद्यालय में अध्ययनरत बच्चे कुलैथ में सांदीपनि विद्यालय खोलने के लिए प्रदेश सरकार के प्रति धन्यवाद व्यक्त करते हुए नहीं थकते।

# निगमायुक्त ने सुनी आम नागरिकों की समस्याएं, दिए निराकरण के निर्देश



**ग्वालियर।** निगमायुक्त श्री संघप्रिय ने आज मंगलवार को जनसुनवाई करते हुए आमजनों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कराया तथा संबंधित अधिकारियों को गंभीरता से समस्याओं का निराकरण कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान अपर आयुक्त श्री अनिल दुबे, अपर आयुक्त वित्त श्रीमती रजनी शुक्ला, उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता, डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव सहित सभी विभागाधिकारी उपस्थित रहे। निगम मुख्यालय पर जनसुनवाई में वार्ड 12 रसूलाबाद हजीरा निवासी श्रीमती गीता रजक ने आवेदन देते हुए बताया कि उनके मकान के पास सरकारी नाले पर अवैध रूप से कब्जा कर गेट बना लिया है, आवेदिका ने उचित कार्यवाही के संबंध में, वार्ड 32 महलगांव मरीमाता फूल बाग निवासी गणों ने आवेदन देते हुए अवगत कराया कि सार्वजनिक नाली को स्थानीय निवासी ने बंद कर दिया है जिस कारण नाली का पानी सडक पर बहता है और गंदगी फैलती है, आवेदकों ने उचित कार्यवाही के संबंध में, वार्ड 29 दर्पण कॉलोनी वासियों ने आवेदन देते हुए अवगत कराया कि मॉडल स्कूल दर्पण कॉलोनी के पीछे नाले में सिल्ट जमा होने के कारण नालियों का पानी रूक गया है। आवेदकों ने नाले की सफाई कराये जाने के संबंध में, वार्ड 56 विजय नगर आमखो निवासी श्री राजीव शर्मा ने आवेदन देते हुए बताया कि उनके पडोसी ने सार्वजनिक नाली को बंद कर दिया है तथा गंदा पानी सड़कों पर बहता है जिस कारण बीमारियां फैलती हैं, आवेदक ने नाली को खुलवाये जाने के संबंध सहित अनेक शिकायतकर्ताओं ने अपने आवेदन निगमायुक्त को दिये। जिस पर निगमायुक्त श्री संघप्रिय द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही नामांकन, सडक, पेयजल, अतिक्रमण, सीवर, सफाई सहित अन्य बिंदुओं को लेकर नागरिकों द्वारा लगभग 37 आवेदन जनसुनवाई में लगाए गए, जिनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

# मुकेश मौर्य प्राइवेट कर्मचारी अजाक्स का सदस्य बनने पात्रता नहीं रखतेः म.प्र.अजाक्स

## मुकेश मौर्य को अजाक्स लेटरहेड उपयोग का अधिकार नहीं पुलिस प्रशासन से मुकेश मौर्य के विरुद्ध प्राथमिकी की मांग : राजवीर अग्निहोत्री




**ग्वालियर।** राजवीर अग्निहोत्री प्रांतीय महासचिव एवं ग्वालियर चम्बल प्रभारी, होतम मौर्य प्रांतीय सचिव, शैलेन्द्र प्रताप कदम सयुक्त सचिव, इन्जी. के. वी. दौहरे संभागीय अध्यक्ष ग्वालियर अजाक्स, विजय पिपरोलिया जिलाध्यक्ष, सम्मानित मीडिया के माध्यम से अवगत कराया कि म.प्र.अजाक्स के समस्त अधिकारीयो कर्मचारीयो को संज्ञान है कि म.प्र. अजाक्स अपने अजाक्स बायलॉज/विधान अनुसार अनुसूचित जाति- जनजाति अधिकारी कर्मचारी की सेवा संबधी मामले निलंबन बहाली ट्रांसफर आदि की समस्याओं के लिए प्रशासन, शासन, सरकार से पत्राचार एवं समन्वय स्थापित कर प्राथमिकता से निदान कराने पर भरोसा रखते है और संगठन में लोकतांत्रिक तरीके से पदाधिकारियों को चुना जाता है संगठन में चतुर्थ श्रेणी शासकीय सेवक भी सदस्य से लेकर प्रांतीय पदाधिकारी तक बन सकता है। पार्टी महासचिव राजवीर अग्निहोत्री ने प्रेस वार्ता में बताया कि ग्वालियर जिले में मुकेश मौर्य (मशीन अटेंडर) एम.आई.टी.एस. ग्वालियर अशासकीय संस्था में प्राइवेट कर्मचारी है। उन्होंने संगठन से तथ्यों को छिपाकर अजाक्स की सदस्यता ग्रहण कर ली और कुछ समय के बाद संगठन में पदाधिकारी बन गया बनते बनते ग्वालियर जिले का अजाक्स जिलाध्यक्ष बन गया। जिलाध्यक्ष बनने के बाद 1795000/- ;सत्रह लाख पिंचानवे हजार रुपए) की राशि सदस्यता राशि को संगठन कार्यालय भोपाल में जमा नहीं कराया कई बार कार्यालय से नोटिस जारी किए लेकिन राशि जमा नहीं की और राशि हड़प कर गवन कर दिया। अवैध रूप कट्टे छपवाकर कर्मचारियों अधिकारियों से स्वार्थ सिद्धि के लिए 1294290/- (बारह लाख चैरानवे हजार दो सौ नब्बे रुपए) अवैध राशि वसूल की गई। इनके कृत्यों की गंभीरता को देखते हुए संगठन ने इनको आजीवन निष्कासित कर दिया। मुकेश मौर्य ने कूटरचित प्रांतीय कार्यकारिणी से अजाक्स का फर्जी प्रांताध्यक्ष बनकर सामान्य प्रशासन विभाग से अधिकृत आदेश प्रसारित कराने आवेदन भी कर दिया उस आवेदन की म.प्र.शासन सामान्य प्रशासन विभाग कर्मचारी कल्याण ने आवेदन पर कार्यवाही करते हुऐ मुकेश मौर्य की वस्तु स्थिति की जांच करते हुए म.प्र.शासन सामान्य प्रशासन विभाग कर्मचारी कल्याण के सचिव ने एमआईटीएस को पत्र लिखकर जानकारी चाही गई जिसमें एमआईटीएस के रजिस्ट्रार ने शासन को जानकारी देते हुए बताया एमआईटीएस अशासकीय संस्था है जिसमे मुकेश मौर्य मशीन अटेंडर के पद पर कार्यरत है अर्थात प्राइवेट कर्मचारी हैं शासन ने मुकेश मौर्य के आवेदन को प्राइवेट कर्मचारी एवं कूटरचित प्रांतीय कार्यकारिणी का अवलोकन कर निरस्त कर दिया और श्री जे एन कंसोटिया आईएएस को प्रांताध्यक्ष अधिकृत होते मान्य किया। एमआईटीएस के रजिस्ट्रार के पत्र से खुलासा हुआ मुकेश मौर्य प्राइवेट कर्मचारी हैं मुकेश मौर्य अजाक्स का सदस्य बनने की पात्र न होने कारण अजाक्स सदस्ता नहीं दे सकता है। अजाक्स विधान के अनुसार प्राइवेट कर्मचारी को अजाक्स सदस्यता नहीं दे सकता है। संगठन की राशि गवन के आरोप में मुकेश मौर्य के विरुद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने शिकायती पत्र प्रस्तुत किए जा चुके हैं । लेकिन आज दिनांक तक पुलिस प्रशासन द्वारा मुकेश मौर्य के विरूद्ध आज दिनांक तक प्रथमिकी दर्ज नही की है। जिससे संगठन में आक्रोष है अगर तीन दिवस के अंदर प्राथमिकी दर्ज नही होती है। तो अजाक्स संघ प्राथमिकी दर्ज कराने न्यायालय जाने बाध्य होगा।

# अहिल्याबाई होल्कर की जयंती की तैयारी : बाइक रैली और रंगोली प्रतियोगिता आज

## अहिल्याबाई होल्कर जी ने सनातन धर्म एवं हिंदू धर्म संस्कृति को बचाने के लिए काम किया- जयप्रकाश राजौरिया




**ग्वालियर।** रानी अहिल्याबाई होल्कर जी की जयंती भारतीय जनता पार्टी ग्वालियर महानगर 21 से 31 मई तक विशेष रूप से मनाएगी। इस दौरान गोष्ठियां, शोभायात्रा, महिला सशक्तिकरण दौड़, कॉलेज विश्वविद्यालयों में प्रतियोगिताएं, नुक्कड़ नाटक, नृत्य नाटक, सांस्कृति कार्यक्रम व प्रदर्शनी का आयोजन होगा। इसी क्रम में 21 मई को विशाल बाइक रैली और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उक्त बात भाजपा मंगलवार को जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने अहिल्याबाई होल्कर जी की जयंती की तैयारियों को लेकर मुखर्जी भवन में आयोजित महिला मोर्चा की बैठक को संबोधित करते हुए कही। जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने कहा कि 31 मई को देवी अहिल्याबाई होल्कर के जन्म के 300 वर्ष पूरे हो रहे हैं, भारतीय जनता पार्टी इस अवसर पर 10 दिन पहले से विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से अहिल्याबाई होल्कर की जन्म शताब्दी मनाने जा रही है। जिसकी शुरूआत 21 मई को विशाल बाइक रैली से होगी। यह बाइक रैली शाम 5 बजे महारानी लक्ष्मीबाई की समाधि से प्रारंभ होकर फूलबाग चौराहा,नदी गेट, शिंदे की छावनी, डीडी मॉल होते हुए समाधि स्थल पर समाप्त होगी। इससे पहले भाजपा नेत्रियों द्वारा लक्ष्मीबाई समाधि स्थल पर रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन, कार्यों और आदर्शों को रंगों के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में उन महान लोगों को दबाने का कार्य किया जिन्होंने सनातन धर्म एवं हिंदू धर्म संस्कृति को बचाने के लिए काम किया उनमें से एक नाम अहिल्याबाई होल्कर का था' अहिल्याबाई ने अपने शासनकाल में बेहतर न्यायिक प्रशासन, महिला सशक्तिकरण एवं कुशल कूटनीतिज्ञ के रूप में कार्य किया ' विधवाओं को संपत्ति में अधिकार अहिल्याबाई एवं महिलाओं को अपनी बात राज दरबार में रखने का अधिकार देने के साथ-साथ हिंदू धर्म के लिए काम किया' आज भारत की मोदी सरकार भी उन्हीं के राह पर चलते हुए सबका साथ सबका विकास, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि रानी अहिल्याबाई होलकर न केवल एक कुशल प्रशासक थीं, बल्कि वे समाज सुधारक और महिलाओं के उत्थान की प्रतीक भी रहीं। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि नारी शक्ति जब दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ती है, तो वह समाज और राष्ट्र दोनों को दिशा दे सकती है। जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने कहा कि 21 मई को निकलने वाली बाइक रैली व रंगोली प्रतियोगिता के लिए जिस कार्यकर्ता को जो भी जिम्मेदारी सौंपी हैं, उसे सभी कार्यकर्ताओं को अपनी जिम्मेदारी पूर्ण ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से निभानी है। और इन कार्यक्रमों में ज्यादा से ज्यादा लोग पहुंचे हम सभी को इसकी चिंता करनी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश संगठन के अनुसार हमें जो भी कार्यक्रम दिए गए हैं उन्हें हमने जिस प्रकार से पहले भी सफल आयोजन किए हैं उसी प्रकार हमें ये भी कार्यक्रम सफल बनाना है। इस अवसर पर जिला महामंत्री विनोद शर्मा, जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक दीपक शर्मा,प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुमन शर्मा,महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री खुशबू गुप्ता,महिला मोर्चा के प्रभारी उपेंद्र बैस,महिला मोर्चा की अध्यक्ष नीलिमा शिंदे,उमेश जोशी उपस्थित रहे। बैठक का संचालन श्रीमती डॉ. करुणा सक्सेना ने किया।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून तक

**रीवा।** भारत सरकार के कृषि विभाग द्वारा खेती को उन्नत और लाभकारी बनाने के लिए विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया जा रहा है। अभियान 29 मई से 12 जून तक चलाया जाएगा। इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया है कि अभियान के तहत संभाग के सभी जिलों में अधिकारियों और कृषि विशेषज्ञों के तीन-तीन दल क्षेत्र का भ्रमण करेंगे।

किसानों तथा आमजनता से संवाद करके कृषि के विकास के संबंध में सुझाव लिए जाएंगे। साथ ही किसानों को खेती को आधुनिक बनाने के लिए महत्वपूर्ण सलाह भी दी जाएगी। अभियान के दौरान खेती की उन्नत तकनीक फसलों के आधुनिक और उन्नत बीज, कृषि में किए जा रहे नवाचार, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण तथा कृषि क्षेत्र में ड्रोन तकनीक के उपयोग के संबंध में किसानों को जानकारी दी जाएगी। अभियान के दौरान किसानों को धान की सीधी बुआई, सोयाबीन फसल को रिजफेरो प्रणाली से लगाने तथा खरीफ फसल की तैयारी के संबंध में किसानों को मार्गदर्शन दिया जाएगा।

### अभियान में हर जिले में तीन विशेषज्ञ दल करेंगे क्षेत्र का भ्रमण

जिले में भ्रमण करने वाले दल में कृषि विज्ञान केन्द्र तथा कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिक, राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली से जुड़े अधिकारी, प्रगतिशील किसान तथा कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन एवं कृषि अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी शामिल होंगे।

कमिश्नर ने कहा है कि सभी कलेक्टर अभियान की तैयारी बैठक आयोजित करके अभियान की रूपरेखा तैयार कर लें। प्रत्येक जिले में शासन के निर्देशों के अनुरूप तीन-तीन दल गठित कर दें। इन दलों के जिले भर में भ्रमण का कार्यक्रम तैयार करके प्रतिदिन दो से तीन ग्राम पंचायतों में अभियान का क्रियान्वयन कराएं। अभियान के दौरान कृषि तथा उससे जुड़े विभागों की सभी प्रमुख योजनाओं की जानकारी एवं उससे लाभ लेने की प्रक्रिया से किसानों को अवगत कराएं। किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का उपयोग करके मिट्टी की जाँच कराने एवं आवश्यकता के अनुसार फसल को पोषक तत्व देने के लिए खाद के उपयोग का निर्धारण कराएं।

खरीफ फसल की तैयारी के संबंध में भी किसानों को समुचित मार्गदर्शन दें। कलेक्टर अभियान के लिए जिला स्तर पर नोडल अधिकारी तैनात कर दें। नोडल अधिकारी अभियान की समस्त गतिविधियों में समन्वय बनाकर अभियान की प्रगति का हर सप्ताह प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। कलेक्टर और संयुक्त संचालक कृषि अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

# गंदगी एवं अमानक पॉलीथिन पर वसूला 7 हजार रूपये से अधिक का जुर्माना



**ग्वालियर।** शहर स्वच्छ व साफ रहे इसलिए गंदगी फैलाने वालों, अमानक पॉलीथिन, गोबर नालियों में बहाने वालों पर निगम द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई निरंतर की जा रही है, जिसके तहत आज ग्वालियर विधानसभा अंतर्गत स्वास्थ्य अधिकारी श्री अजय ठाकुर के निर्देशन में वार्ड क्रमांक 17 के अंतर्गत रेलवे स्टेशन बजरिया में इंडियन कॉफी हाउस द्वारा सडक पर गंदगी फैलाने पर 1100 रूपये का जुर्माना जोनल हेल्थ ऑफीसर श्री राजेश भारत, वार्ड हेल्थ ऑफिसर श्री उमेश दोहरे, सहायक श्री सुनील गौर द्वारा वसूला गया। इसके साथ ही क्षेत्रीय कार्यालय 2 के अंतर्गत अमानक पॉलीथिन रखने वाले दुकानदारों और ठेले वालो और दूध डेरियों पर 6250 रूपये का जुर्माना वसूला गया। कार्यवाही के दौरान सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री मनीष श्रीवास, डब्ल्यूएचओ श्री विकास करोसिया, श्री आकाश, श्री रवि पारछे आदि उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# आतंक को संरक्षण नहीं

भाजपा देश भर में 'तिरंगा यात्रा' निकाल रही है। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बारे में बताएंगे। वे क्या बोलेंगे, यानी उनके टॉकिंग प्वाइंट्स क्या होंगे, उसका संकेत प्रधानमंत्री ने अपने राष्ट्र के नाम संबोधन में दिया। सत्ता पक्ष को शायद अहसास है कि बीते 11 साल में पहली बार ऐसा हुआ है, जब राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर कथानक उसके साथ से फिसल गया है। ऑपरेशन सिंदूर के सिलसिले में अचानक हुए युद्धविराम पर उससे ऐसे हलकों से भी सवाल पूछे जा रहे हैं, जो आम तौर पर राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में सत्ताधारी समूह के नजरिए से इत्तेफ़ाक रखते हैं। संभवतः इसी अहसास का नतीजा है कि अचानक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन का कार्यक्रम बना और साथ ही खबर आई कि 13 से 23 मई तक भारतीय जनता पार्टी देश भर में 'तिरंगा यात्रा' निकालेगी। इस यात्रा के दौरान भाजपा कार्यकर्ता लोगों को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बारे में बताएंगे। वे क्या बोलेंगे, उसका संकेत प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में दिया। बल्कि ये कहा जा सकता है कि उन्होंने 'तिरंगा यात्रा' में जाने वाले कार्यकर्ताओं को टॉकिंग प्वाइंट्स दिए। सार यही होगा कि ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान के सीने पर वार किया गया और वहां आतंक के ढांचे को नष्ट कर दिया गया है। इससे घबराए पाकिस्तान ने (डीजीएमओ के जरिए) जब भारत से संपर्क किया और वादा किया कि आगे वहां आतंक को संरक्षण नहीं दिया जाएगा, तब युद्धविराम के जरिए भारत ने पाकिस्तान को एक मौका दिया है। मगर ये बातें गले नहीं उतरतीं, क्योंकि दस मई के बाद से उठे कई अहम सवालों के जवाब प्रधानमंत्री के भाषण से नहीं मिले। मसलन, युद्धविराम कराने में अमेरिका की क्या भूमिका रही, क्या भारत तटस्थ स्थल पर पाकिस्तान से बातचीत के लिए राजी हुआ है, क्या साढ़े तीन तीन की कार्रवाई के दौरान भारत को लड़ाकू विमानों का नुकसान हुआ, और इस पूरे प्रकरण में- चाहे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद हो या आईएमएफ बोर्ड- भारत दुनिया में अकेला खड़ा क्यों नजर आया? प्रधानमंत्री ने कहा कि टेरर और टॉक साथ-साथ नहीं हो सकते, लेकिन लगे हाथ यह संकेत भी दिया कि भारत पाकिस्तान से आतंकवाद और पीओके के सवाल पर वार्ता के लिए तैयार है। तो कुल मिलाकर प्रश्न अनुत्तरित रहे। नैरेटिव का क्या होगा, यह अलग सवाल है।

## धन और समय की बर्बादी से बचाव - एक देश एक चुनाव

(डॉ. सुधाकर आशावादी-विभूति फीचर्स)



राष्ट्र को सुदृढ़ता प्रदान करने के लिए व्यवस्था को जटिल बनाए रखने से अच्छा है कि जटिल समस्याओं का समाधान व्यवस्था में सरलीकरण करके किया जाए। आम आदमी के समय और धन की बर्बादी से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त हो । स्वस्थ एवं सुदृढ़ लोकतंत्र हेतु दलगत राजनीति से ऊपर उठकर जनहितकारी निर्णय लिए जाएँ । चाहे वर्तमान व्यवस्था की समीक्षा व यथोचित हेतु नई व्यवस्था लागू करने का प्रश्न हो अथवा देश, काल एवं परिस्थिति के अनुसार कठोर निर्णय लेने का। अधिकांश समय चुनावी मोड में रहने वाले देश में बरसों से चुनाव सुधारों की बात की जा रही है, स्थान स्थान पर एक देश एक चुनाव के सम्बंध में विचार गोष्ठियों के आयोजन किए जा रहे हैं, किन्तु संकीर्ण स्वार्थो के चलते कुछ क्षेत्रीय तथा वंशवादी राजनीतिक दल सदैव चुनाव सुधारों के विरोध में खड़े नजर आते हैं। समझ नहीं आता कि आम आदमी को भ्रमित करने वाली राजनीति न जाने कब कौन सी शकुनि चाल चलने लगे। कटु सत्य यह भी है कि चुनावी राजनीति आजकल झूठे सच्चे आरोप, अफवाह और स्वार्थपूर्ति तक ही सिमट कर रह गयी है। महंगे पांच सितारा होटलों में बैठकर जब देश के गरीब की चिंता की जाती है, तो लगता है राजनीति के व्यवसायियों को किसी गरीब की नही, अपितु अपनी पारिवारिक दुकान चमकाने की अधिक चिंता है। गरीबों के नाम पर अपना घर भरने वाले न तो चुनावों में सुधार की अपेक्षा करते हैं और न ही आम आदमी का हित चिंतन करते हैं। उनके लिए मतदाता को जागरूक करना भी आवश्यक नही है। यही लोकतंत्र का दुर्भाग्य है। एक राष्ट्र एक कानून, एक राष्ट्र एक चुनाव, एक राष्ट्र समान नागरिक दायित्व, एक राष्ट्र एक नीति की चर्चा भी आजकल बेमानी है, क्योंकि राष्ट्र हेतु उपयुक्त अच्छे प्रयासों का विरोध के नाम पर विरोध किया जाना विपक्ष का धर्म बन गया है।अनेक वर्षो से लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अंतर्गत हो रहे चुनावों के परिणामों से सिद्ध हो गया है कि देश का विपक्ष जन विश्वास खो चुका है तथा अपना अस्तित्व बचाने के लिए संघर्षरत है। जब भी किसी प्रदेश में चुनाव की आहट होती है, विपक्षी दल एकजुट होने की कवायद शुरू कर देते हैं, मगर अपने अपने एजेंडे को अलग रखकर केवल जनता को भ्रमित करने का प्रयास करने लगते हैं। जिन राजनीतिक दलों के पास खोने के लिए कुछ नही है, वे येन केन प्रकारेण जनता को भ्रमित करने हेतु अनेक प्रकार के प्रलोभन देकर अपने राजनीतिक वजूद को बचाने हेतु हर संभव प्रयास करने में जुटे रहते हैं, लेकिन अनेक अवसरों पर विपक्ष के बेमेल गठबंधन के चलते जनता जब जूतों में बंटी दाल की तरह विपक्ष को पराजय का स्वाद चखाते हैं तब विपक्ष के नायक अपनी पराजय का विश्लेषण करने के स्थान पर हार का ठीकरा सत्ता पक्ष और चुनाव आयोग पर फोड़ने में विलम्ब नहीं करते। जब एक देश एक चुनाव की बात आती है तब क्षेत्रीय राजनीतिक दलों को नागवार गुजरता है। इस सच्चाई को झुठलाया नहीं जा सकता, कि देश का बहुमूल्य समय अधिकतर चुनाव के नाम पर बर्बाद होता है। लोकसभा चुनाव भले ही निश्चित समय पर हो, लेकिन प्रादेशिक विधानसभा चुनाव अलग अलग समय पर होते हैं। 1967 से पूर्व ऐसा नही था, उस समय चुनाव एक साथ ही हुआ करते थे। राजनीति के क्षेत्रीय क्षत्रपों के कारण तथा समय समय पर सत्ता परिवर्तन के कारण चुनावों के समय में विविधता आ गई है, जिसे स्वस्थ लोकतंत्र के लिए उचित नही ठहराया जा सकता।

विदित है कि प्रत्येक चुनाव प्रक्रिया में समय व श्रम की बर्बादी भी कम नही होती। सो लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव यदि एक ही बार में सम्पन्न करा दिए जाएं, तो चुनावों के नाम पर समय व श्रम की बर्बादी रोकी जा सकती है। सो वन नेशन वन इलेक्शन का फॉर्मूला देश में लागू होना नितांत अनिवार्य है। सभी राजनीतिक दलों को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एक देश एक चुनाव के समर्थन में आना चाहिए, ताकि स्वस्थ लोकतांत्रिक अनुशासन एवं समय, श्रम व अर्थ की बचत हो सके तथा चुनाव में होने वाले बेतहाशा खर्च से देश के ईमानदार कर दाताओं के धन को बचाकर देश की विकास योजनाओं में लगाया जा सके।

## शब्द सामर्थ्य -054


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 053 का हल**



## बच्चों को बिगाड़ते घटिया बेव सीरिज और यू ट्यूब चैनल्स

(पूरन चंद्र शर्मा-विनायक फीचर्स)



वर्तमान समय में माता पिता के दिए गए संस्कार फीके पड़ते जा रहे हैं । कारण- बॉलीवुड की फ़िल्में, घर बिगाड़ने वाले टीवी सीरियल, वेब सीरीज, यूट्यूब - जिसमें एक बहुत बड़ा गिरोह शामिल हो गया है जो हमारे सनातनी बच्चों को बिगाड़ने में लगा हुआ हैंद्य इनमें अनेक पाखंडी संत भी शामिल हैं। नादान बच्चे इनकी बातों को सही मान बैठते हैं। ये पाखंडी लोग उदहारण देकर समझायेंगे कि जब राम ने सीता को त्याग दिया तो तुम अपनी पत्नी को क्यों नहीं त्याग सकते हो अर्थात तलाक ले सकते हो। अब इन मूर्खों को कौन समझाये कि माता सीता तो गंगाजल की तरह पवित्र थी। मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने एक धोबी के कड़वे बोल सुनकर माता सीता के त्याग का फैसला कर लिया क्योंकि उन्होंने धोबी के विचारों को जनता का निर्णय माना और वो जनता के निर्णय के विरुद्ध नहीं जाना चाहते थे जिससे कोई यह नहीं कह सके कि सीता तो राजघराने की बहू है इसलिए उनको कोई फर्क नहीं पड़ता हमारे जैसे साधारण लोगों पर ही अंगुलियां उठाई जाती हैं। भगवान राम ने यह साबित कर दिया था कि हमारे राज्य में सब एक समान है । यहां पर राजा और प्रजा के लिये कोई अलग- अलग नियम नहीं हैं।

**रामायण हमें जीना सिखाती है**

परिवार में किस तरह से रहना चाहिए यह बातें हमें रामायण सिखाती है। रामायण में सभी रिश्तों की मर्यादायें तय की गई हैद्य रामायण हमें ही नहीं पूरे विश्व को जीना सिखाती हैद्य


**बच्चों के पतन का कारण घटिया सिलेबस**

जब तक पूरे देश में एक देश एक शिक्षा नीति एवं एक ही पाठ्यक्रम लागू नहीं होगा तब तक बच्चों को सही एवं चरित्र निर्माण करने वाली शिक्षा नहीं मिलेगी।

सनातन विरोधी राज्य सरकारें अपने हिसाब से सिलेबस तय करती है। अकबर को महान बताया जाता है, सम्राट अशोक को नहीं । महाराणा प्रताप ,छत्रपति शिवाजी महाराज,छत्रपति सम्भा जी ,झाँसी की रानी, अहिल्या बाई, संत तुलसी दास, संत तुकाराम जैसे, अनगिनत महापुरुषों को पाठ्यक्रम में समुचित स्थान नहीं दिया गया। इनकी गौरवमयी जीवनी को पढ़े बिना बच्चों में चरित्र निर्माण कहां से होगा। यही नहीं पाठ्यक्रम में रामायण एवं श्रीमद्भागवत कथा के प्रसंगों को भी अवश्य शामिल किया जाना चाहिए। धर्मनिरपेक्षता का चोला पहन कर कब तक हमारी गौरवशाली भारतीय संस्कृति को नष्ट-भ्रष्ट किया जाता रहेगा? अब समय आ गया है कि इस तरह का सिलेबस तैयार किया जाए जिससे बच्चों का चरित्र निर्माण हो। बच्चों के हाथ में स्मार्ट फोन हो या न हो लेकिन चरित्र निर्माण करने वाली पुस्तकें अवश्य होनी चाहिए। गीता प्रेस एवं अखिल भारतीय गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्री राम शर्मा द्वारा लिखित पुस्तकें एवं पत्रिकाएं बच्चों के लिए अमृत के समान हैं। इनको सही ज्ञान मिलेगा तो वे बॉलीवुड की बेसिरपैर की फ़िल्में, घर बिगाड़ने वाले टीवी सीरियल, अश्लील वेब सीरीज एवं यूट्यूब पर घटिया कंटेंट परोसने वाले पाखण्डी लोगों के चंगुल से बच सकेंगे।

## डिजिटल समय में स्त्री पुरूष समानता

(इंजी विवेक रंजन श्रीवास्तव-विभूति फीचर्स)



17 मई 1865 को अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ की स्थापना की गई थी । जिसकी स्मृति में प्रति वर्ष 17 मई को विश्व दूरसंचार दिवस के रूप मे मनाया जाता है । तब से आज तक दूरसंचार ने क्रांतिकारी परिवर्तन देखे हैं। टेलीग्राम स्मृतियों में रह गया है। पेजर आते साथ चला गया। आज इंटरनेट, मोबाइल ने दुनिया को बाहुपाश में जकड़ रखा है।

तेजी से डिजिटलीकृत होते विश्व में, तकनीकी प्रगति सामाजिक बदलाव का प्रमुख इंजन बन चुकी है। परंतु यह प्रगति तब तक अधूरी है, जब तक इसमें महिलाओं और लड़कियों की बराबर भागीदारी सुनिश्चित नहीं होती। यूएनडीपी के अनुसार, लैंगिक समानता वाले समाज की जीडीपी में 35% तक की वृद्धि संभव है। फिर भी, विश्व में आज भी 37% महिलाएं इंटरनेट का उपयोग नहीं कर पातीं , और तकनीकी क्षेत्र में उनकी नेतृत्व भूमिकाएँ मात्र 24% हैं (स्रोत- ITU, 2023)। डिजिटल परिवर्तन में लैंगिक असमानता न केवल सामाजिक न्याय का प्रश्न है, बल्कि यह वैश्विक अर्थव्यवस्था, नवाचार और सतत विकास के लिए एक बड़ी बाधा भी है।

ह्यह्य डिजिटल युग में लैंगिक अंतर एक वैश्विक चुनौती है। डिजिटल परिवर्तन के तीन प्रमुख आयाम हैं पहुँच, कौशल और नेतृत्व। वैश्विक स्तर पर, महिलाओं के पास पुरुषों की तुलना में 20% कम स्मार्टफोन हैं, और विकासशील देशों में यह अंतर 40त्न तक है (त्नस्रू 2022)।

शिक्षा के क्षेत्र में, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित विषयों में महिलाओं की हिस्सेदारी 35त्न से कम है (यूनेस्को, 2021)। यह अंतर तकनीकी उद्योगों में और गहराता है, जहाँ कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में केवल 22% पेशेवर महिलाएँ हैं (वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम, 2023)।

इस असमानता के मूल कारण हैं-

1. सांस्कृतिक पूर्वाग्रह अफ्रीका और दक्षिण एशिया जैसे क्षेत्रों में, 45% परिवार ÷लड़कियों के लिए तकनीकी शिक्षा को अनावश्यक÷ मानते हैं (यूनिसेफ, 2022)।

2. डिजिटल बुनियादी ढाँचे की कमी ग्रामीण भारत में, 70% महिलाओं के पास निजी मोबाइल नहीं है (NFHS-5, 2021)।

3. साइबर हिंसा, 58त्न महिलाएँ ऑनलाइन उत्पीड़न का शिकार होती हैं, जो उन्हें डिजिटल मंचों से दूर करता है (एमनेस्टी इंटरनेशनल, 2023)।

4. आर्थिक असमानता वैश्विक स्तर पर, महिलाओं की औसत आय पुरुषों से 20त्न कम है, जो उनकी तकनीकी पहुँच को सीमित करती है।

**स्त्री पुरूष समानता क्यों अनिवार्य है?**

1. आर्थिक प्रगति- यदि 60 करोड़ महिलाएं इंटरनेट का उपयोग करने लगें, तो वैश्विक जीडीपी में 500 बिलियन की वृद्धि हो सकती है (वर्ल्ड बैंक, 2022)।

2. नवाचार में विविधता- टीमों में लैंगिक संतुलन होने पर उत्पादकता 41त्न तक बढ़ जाती है (मैकिन्से, 2020)।

3. सामाजिक न्याय- डिजिटल साक्षरता महिलाओं को स्वास्थ्य, शिक्षा और कानूनी अधिकारों से जोड़ती है। उदाहरण के लिए, केन्या में रूक्क्रह्यड्ड मोबाइल बैंकिंग ने 1.8 लाख महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण दिया।

समाधान- एक बहु-स्तरीय रणनीति

1. नीतिगत हस्तक्षेप- - भारत की डिजिटल साक्षरता अभियान (DISHA)और रवांडा की "Smart Girl"योजना जैसे कार्यक्रमों को बढ़ावा। इंटरनेट को मौलिक अधिकार घोषित करना, जैसा कि केरल सरकार ने 2022 में किया।

**2. शिक्षा से क्रांति-**

महिलाओं के लिए विज्ञान विषयों में छात्रवृत्तियाँ बढ़ाना और स्कूली पाठ्यक्रम में डिजिटल कौशल को अनिवार्य बनाना।

## राशिफल

**मेष**

आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज शुभ समाचार मिलेगा, जिसकी खुशी आप अपने दोस्तों के साथ शेयर करेंगे। थोड़ी सी मेहनत करने से आप अपने कामों में सफलता जल्दी हासिल करेंगे। दोस्त लोग आज आपको सरप्राइज पार्टी देंगे जिससे मस्ती का माहौल बनेगा। शुगर की समस्या से आज काफी हद तक आराम मिलेगा। आज आपका वैवाहिक जीवन खुशियों से भरा रहेगा, आप एक दूसरे की भावनाओं को अच्छी तरह से समझेंगे। बच्चे आज घर पर खेल कूद में व्यस्त रहेंगे।

**वृषभ**

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज किसी मांगलिक कार्यक्रम में जाने का शुभ अवसर मिलेगा। जिसमें शामिल होकर आप बेहतर फील करेंगे। पिता जी आपके बिजनेस में आपकी हेल्प करेंगे, जिससे अधिक लाभ होगा। महिलाएं आज घर के कामों में बिजी रहेंगी, नई डिशेज बनाएंगी जिनका आनन्द आपका पूरा परिवार उठाएगा। किसी नए काम की तरफ मन अट्रैक्ट होगा, उसकी शुरुआत करेंगे और लाभ कमाएंगे। छात्रों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

**मिथुन**

आज आपका दिन बेहतर रहने वाला है। आज किसी नए व्यापार को शुरू करने से पहले उसके बारे में गंभीरता से जान लेना जरूरी है, किसी एक्सपर्ट की सलाह ले सकते है जिससे अधिक लाभ होगा। आज किसी दोस्त की हेल्प से आपको अच्छी जॉब मिलने के योग बन रहे हैं। हेल्थ से रिलेटेड प्रॉब्लम के लिए आज आप किसी अच्छे डॉक्टर को दिखायेंगे, जिससे आप बेहतर महसूस करेंगे। किसी मित्र से मुलाकात होगी जो आपकी हेल्प करेगा।

**कर्क**

आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपका कॉन्फिडेंस लेवल अच्छा रहेगा। अपना समय किसी खास व्यक्ति को देंगे जिससे आपकी खुशी बढ़ेगी। आपकी बेटी का सलेक्शन आज किसी अच्छी संस्था में होगा। जीवन में सफल होने के लिए आपको कठिन मेहनत करनी होगी। अपने बच्चों के साथ घर पर रह कर अच्छा समय गुजारेंगे। आपको घर के बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा, इससे आपके मन को शांति मिलेगी। ऑनलाइन व्यापार शुरू करने का मन बनाएंगे।

**सिंह**

आज आप अपने दिन की शुरुआत बहुत ही उत्साह से करेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र अपनी पढ़ाई जारी रखेंगे, जल्द ही सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। इस राशि के जो लोग प्लास्टिक का कारोबार कर रहे हैं उन व्यापारियों का काम अच्छा चलेगा, ज्यादा प्रॉफिट होगा। नवविवाहितों को आज खुशखबरी मिलने वाली है। इस खबर को सुनकर घर में सभी का मन खुश हो जायेगा। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी अच्छी कंपनी से जॉब का ऑफर आयेगा।

**कन्या**

आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक वापस मिलेगा, जिसको आप किसी जरूरी काम में लगाएंगे। प्राइवेट सेक्टर में काम कर रहे लोगों को आज प्रमोशन मिल सकता हैं, आपका सम्मान बढ़ेगा। आज आपके फैसले में आपके भाइयों का सहयोग मिलेगा, जिससे लोगों में आपकी छवि अच्छी बनेगी। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी टॉपिक को समझने में शिक्षकों का सहयोग मिलेगा। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**तुला**

आज आपका दिन मंगलकारी रहने वाला है। आज ऑफिस में स्टाफ के साथ अच्छा व्यवहार बना कर रखें जिससे कार्यों में आपको सहयोग मिल सके। आज घर में नन्हे मेहमान के आने से खुशी का माहौल रहेगा। ऑफिस में जो लोग आपके विरोधी है, वो भी आपकी कार्यशैली से प्रभावित होंगे। अधूरे कामों को पूरा करने में आज आप सक्षम रहेंगे। स्वास्थ्य के लिहाज से आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। व्यापार में लाभ मिलने के योग बने हुए हैं।

**वृश्चिक**

आज आपका मनोबल अच्छा रहेगा। आज सरकारी जॉब कर रहे लोगों की पदोन्नति के योग बन रहें है, सैलरी बढ़ेगी। स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानी के लिए आज किसी अच्छे डॉक्टर से मिलेंगे, जिससे कुछ राहत मिलेगी। अपनी सही बात के लिए आपके परिवार वालों का फुल सपोर्ट मिलेगा। आपका स्वास्थ्य आज ठीक रहेगा, अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग को अपनी आदत बनाएं। जॉब की तलाश खत्म होगी, किसी दोस्त की मदद से जॉब मिल जाएगी। बच्चे आज पार्क में घूमने जाएंगे।

**धनु**

आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। व्यापार में साझेदारी से लाभ होगा, आप चीजों को बेहतर ढंग से करने का प्रयास करेंगे। इंजीनियर्स के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है, टेक्निकल क्षेत्र में कुछ नया अनुभव मिलेगा। आपको अपने खान पान पर ध्यान देने की जरूरत है, जिससे स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। छात्रों को आज कॉलेज के किसी प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा, जिसमें आपका प्रदर्शन अच्छा रहेगा। लेखकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**मकर**

आज का दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। किसी कंपनी के शेयर खरीदने के लिए आप किसी एक्सपर्ट की सलाह ले सकते है। पुरानी बात आपको पता चल सकती, जिसको लेकर आप सरप्राइस होंगे। आप कीमती सामान खरीदेंगे, आपको अच्छा ऑफर भी मिल सकता है। दांपत्य जीवन में मधुरता आएगी। आज आप नया वाहन लेंगे, साथ ही जीवनसाथी के साथ लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे। बच्चों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**कुंभ**

आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपका मनोबल अच्छा रहेगा। प्रॉपर्टी खरीदने का विचार बना रहे लोग आज प्रॉपर्टी डीलर्स से मुलाकात करेंगे, कोई बढ़िया डील फाइनल करेंगे। किसी प्रोजेक्ट में उलझे विद्यार्थी आज अपने डाउट क्लियर करेंगे। आज थोड़ा समय निकाल कर अपने परिवार वालों के साथ बातचीत करें, जिससे आपकी समस्याओं का समाधान मिलेगा। आज आपकी पॉजिटिव सोच आपके कार्यों में सफलता दिलायेगी। लवमेट काफी देर तक बात करेंगे, रिश्ते में मजबूती आएगी।

**मीन**

आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपका व्यवहार विनम्र बना रहेगा, जिससे लोग आपसे प्रभावित होंगे। आज कारोबार शुरू करने से पहले एक्सपर्ट्स की सलाह ले जिससे आपको उसके बारे में फुल इनफॉर्मेशन पता हो जाएगी, उसी के अनुसार आप अपनी योजनाओं को बनाएंगे। आज परिवार वालों के साथ मिलकर किसी मांगलिक कार्यक्रम में जाएंगे। आज आपका दांपत्य जीवन अच्छा रहने वाला है। आज आप अपने दिनचर्या में पॉजिटिव बदलाव लाएंगे।

## राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी

# मानवता के लिए अभिशाप है "आतंकवाद"

**आतंकवाद आज के युग की सबसे गंभीर समस्याओं में से एक है। यह देश की आंतरिक सुरक्षा को खतरे में डालता है, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक स्थिरता को भी छिन्न-भिन्न कर देता है। आतंकवाद का स्वरूप समय के साथ बदला है। पहले जहाँ यह सीमित क्षेत्रों में सक्रिय था, अब यह तकनीक और सोशल मीडिया की मदद से वैश्विक स्तर पर फैल चुका है। भारत जैसे विशाल और विविधताओं से भरपूर देश के लिए आतंकवाद एक स्थायी चुनौती बन चुका है। ऐसे में इसके कई दुष्परिणाम देखने को मिल रहे हैं। राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस पर जानते हैं देश में हुई आतंकी घटनाओं का इतिहास उसका दुष्परिणाम और सरकार की रणनीति ......**

**डॉ.केशव पाण्डेय**



- आज राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस है। 21 मई को हर वर्ष यह दिवस मनाया जाता है। यह दिवस न केवल हमें आतंकवाद की भयावहता की याद दिलाता है, बल्कि यह भी बताता है कि एकजुट होकर ही हम इस वैश्विक संकट का सामना कर सकते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि के रूप में इसे मनाया जाता है, जिनकी 1991 में एक आत्मघाती हमले में हत्या कर दी गई थी। ये घटना न केवल मानवता पर हमला थीं, बल्कि देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए भी एक चेतावनी थी।

ऐसे में इस दिन का मुख्य उद्देश्य आतंकवाद के खिलाफ जनजागरूकता फैलाना, युवाओं को इसके विनाशकारी प्रभावों से अवगत कराना और समाज में शांति, सहिष्णुता तथा राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना है। देश के सभी वर्गों में आतंकवाद और हिंसा के खतरे तथा लोगों, समाज और पूरे देश पर इसके प्रभाव के बारे में जागरूकता पैदा करना भी है। पहले बात करते हैं आखिर क्या है आतंकवाद? आतंकवाद को अक्सर ÷टेररिज्म÷ के नाम से भी जाना जाता है। यह शब्द ÷टेरर÷ से लिया गया है, जिसका अर्थ है डर या भय। आतंकवादी घटननाओं को अंजाम देकर और निर्दोष लोगों की जान लेकर भय का माहौल पैदा करते हैं। ये घटनाएं न केवल जीवन छीनती हैं, बल्कि लोगों में भय, असुरक्षा और मानसिक तनाव का वातावरण बना देती हैं। आतंकवाद के कारण देश की अर्थव्यवस्था पर भारी प्रभाव पड़ता है। उद्योग, पर्यटन और निवेश जैसे क्षेत्रों को गंभीर क्षति होती है। जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर राज्यों में निवेशकों का अभाव इसका उदाहरण है। सामाजिक विघटन पैदा होता है, क्योंकि आतंकवादी ताकतें अक्सर जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के आधार पर लोगों को बांटने का प्रयास करती हैं। इससे सामाजिक सौहार्द बिगड़ता है और नफरत का माहौल बनता है। आतंकवाद प्रभावित देशों की छवि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नकारात्मक होती है, जिससे विदेशी सहयोग, निवेश और पर्यटन प्रभावित होते हैं।

यह दिवस लोगों में जागरूकता पैदा करता है, ताकि युवाओं को उग्रवाद, कट्टरवाद और सांप्रदायिकता से दूर रखा जा सके। राष्ट्रीय एकता, अखंडता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा मिल सके। हिंसा के बजाय शांति और संवाद को अपनाने की प्रेरणा दी जा सके।

भारत ने आतंकवाद को समाप्त करने के लिए कई स्तरों पर ठोस कदम उठाए हैं। सरकार की रणनीति बहुआयामी है, जिसमें कूटनीतिक, सैन्य, कानूनी और सामाजिक उपाय शामिल हैं।

जिनमें प्रमुख तौर पर कानूनी प्रावधान के तहत आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों और संगठनों पर कार्रवाई प्रमुख है। 2008 में मुंबई हमले के बाद एएनआई का गठन किया गया। जो आतंकवाद से संबंधित मामलों की जांच करती है। सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर जैसे सैन्य अभियान भारत की बदलती रणनीति का परिचायक हैं। जिसमें अब ÷रक्षात्मक÷ के बजाय ÷प्रतिकारात्मक÷ नीति अपनाई जाती है। सीमाओं पर सुरक्षा बलों की तैनाती, स्मार्ट फेंसिंग, और ड्रोन निगरानी जैसे आधुनिक उपाय किए जा रहे हैं। भारत अपनी कूटनीति से आतंकवाद को प्रायोजित करने वाले देशों को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बेनकाब करता रहा है। संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर भारत ने आतंकवादी संगठनों को वैश्विक आतंकवादी घोषित करने की मांग की है। भारत सरकार ने आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए साइबर सुरक्षा, गुप्तचर नेटवर्क, और संवेदनशील क्षेत्रों में विकास परियोजनाओं पर जोर दिया है। राज्य सरकारों के साथ तालमेल बढ़ाकर स्थानीय स्तर पर आतंकवाद रोधी तंत्र को भी मजबूत किया गया है। देश की प्रमुख आतंकी घटनाओं का जिक्र करे तों पाते हैं कि 31 अक्टूबर 1984 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की उनके सिख अंगरक्षकों ने हत्या की। इसके बाद 1985 में प्रधानमंत्री की सुरक्षा के लिए एसपीजी का गठन किया गया।

1989 में जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद शुरू हुआ, जिसमें हजारों नागरिक, सुरक्षाकर्मी और कश्मीरी पंडितों को निशाना बनाया गया। 12 मार्च 1993 को मुंबई में 12 जगहों पर हुए बम धमाकों में 250 लोग मारे गए और 700 घायल हुए। दाऊद इब्राहिम के खिलाफ इंटरपोल रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया।

13 दिसंबर 2001 को भारतीय संसद पर हमला किया। सभी आतंकी मारे गए, लेकिन 9 सुरक्षाकर्मी भी शहीद हुए।

2002 में गुजरात के अक्षरधाम मंदिर में हुए आतंकी हमले में 30 से लोग मारे गए।

2005 और 2008 में दिल्ली के व्यस्त इलाकों में बम धमाके हुए।

11 जुलाई 2006 को मुंबई की लोकल ट्रेनों में सिलसिलेवार 7 बम धमाकों में 200 लोग मारे गए।

26 नवंबर 2008 को पाकिस्तान के 10 आतंकियों ने मुंबई में ताज होटल, ओबेरॉय होटल, सीएसटी स्टेशन पर हमला किया, जिसमें 166 लोग मारे गए।

10 जुलाई 2017 को अमरनाथ यात्रियों की बस पर आतंकियों ने हमला किया, जिसमें 7 श्रद्धालु मारे गए।

14 फरवरी 2019 को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में आत्मघाती हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हुए।

22 अप्रैल 2025 को पहलगाम की बाईसरन घाटी में पांच आतंकियों ने 24 पर्यटकों की हत्या कर दी। इस हमले की जिम्मेदारी ÷द रेजिस्टेंस फ्रंट÷ ने ली, जो पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का सहयोगी माना जाता है ।

इस घटना के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेना को ÷पूर्ण स्वतंत्रता÷ दी कि वह हमले का उचित जवाब दे। इसके तहत ÷ऑपरेशन सिंदूर÷ नामक सैन्य अभियान चलाया गया, जिसमें भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान और पाक-अधिकृत कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए। देशभर में 244 जिलों में नागरिक सुरक्षा अभ्यास किए गए, जिसमें हवाई हमले के सायरन, ब्लैकआउट और आपातकालीन प्रतिक्रिया की तैयारी की गई ।

भारत ने आतंकवाद की विभीषिका को बार-बार झेला है, लेकिन हर बार उससे उबरकर और भी सशक्त हुआ है। इन घटनाओं के बाद सरकार ने न केवल आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की, बल्कि कानून, खुफिया तंत्र, सुरक्षा बलों और कूटनीति को भी मजबूती दी है।

पहलगाम आतंकी हमला भारत के लिए अस्मिता पर गहरी चोट थी, जिसने न केवल निर्दोष नागरिकों की जान ली, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता को भी खतरे में डाला। भारत की कड़ी प्रतिक्रिया और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की चिंता इस बात का संकेत है कि आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक एकजुटता आवश्यक है।

7 मई 2025 को भारत के सैन्य हमलों के बाद, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कथित मध्यस्थता से 10 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम की घोषणा की गई ।

# अधिवक्ता डॉ. विक्रम पिप्पल की सराहनीय पहलः गरीबों को न्याय दिलाने के लिए निःशुल्क करेंगे उनकी पैरवी

## प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्यों एवं अधिकारों को जानना चाहिएः अधिवक्ता डॉ. विक्रम पिप्पलं



**शिवपुरी ब्यूरो।** वर्तमान हालातों में न्याय से वंचित हो रहे ऐसे व्यक्ति जिन्होंने कोई अपराध हीं नहीं किया और उन्हें जेल की हवा खानी पड़ी, क्योंकि वह न्याय प्रक्रिया में कमजोर थे तथा वह अपने अधिकारों को नहीं जानते और ना ही उन्हें सरकार द्वारा विधिक सहायता मिल पाती ऐसे गरीब, पिछड़े, असहाय, पीड़ित, शोषित वर्गों को न्याय दिलाने के लिए खंडपीठ ग्वालियर हाईकोर्ट में शासकीय पैनल अधिवक्ता डॉ.विक्रम पिप्पल और उनकी टीम द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है ताकि इन सभी लोगों को न्याय मिल सके, क्योंकि यह ऐसा वर्ग है कि न्याय से वंचित रह जाता है। गत दिनों शिवपुरी के एक निजी होटल में मीडियाकर्मियों से चर्चा के दौरान अधिवक्ता डॉ विक्रम पिप्पल ने बताया कि अक्सर लोगों में यह धारणा बनी रहती है कि हम प्राइवेट वकील कर लेंगे तो हमें समुचित न्याय मिल पाएगा। कुछ लोग प्राइवेट वकील भी कर लेते हैं परंतु एक वर्ग ऐसा भी हैं जो प्राइवेट वकील नहीं कर पाते हैं हालांकि ऐसे वर्ग के लिए शासन द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण भी है जो इनकी निःशुल्क पैरवी करता है। परंतु कुछ लोग किन्हीं कारणों के चलते विधिक सेवा प्राधिकरण की दहलीज पर पहुंच नहीं पाते हैं उन्हें निजी अधिवक्ता की आवश्यकता होती हैं और वे अपनी पैरवी एक प्राइवेट वकील से कराना चाहते हैं तो ऐसे लोगों के लिए हम निःशुल्क पैरवी करते हैं। ताकि पैसों के अभाव में लोग न्याय से वंचित न रहे। हाईकोर्ट अधिवक्ता डॉ पिप्पल का मानना है कि मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है और मानवीयता के साथ साथ संवेदनशीलता भी होना बहुत जरूरी है। मेरा कहना तो यही है कि प्रत्येक वकील हीं क्यों नागरिक में लोक कल्याण का भाव होना चाहिए ताकि हमारा राष्ट्र और मजबूत समृद्ध बनेगा। इस विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए डॉ. पिप्पल ने अपनी टीम का निर्माण किया और लोगों की सेवा करने में जुट गए। असक्षम व्यक्ति का न्याय प्रक्रिया से विश्वास उठ जाता है कि इसमें हमें न्याय नहीं मिल पाएगा और यह न्याय प्रक्रिया सिर्फ और सिर्फ अमीरों के लिए हैं हमारे द्वारा असक्षम व्यक्ति को न्याय दिलाने का हर संभव प्रयास किया जाता हैं। वर्तमान दौर को देखते हुए देश के प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्यों और अधिकारों को जानना चाहिये। गौरतलब है कि यह भारतीय संविधान के शिल्पकार, स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के आदर्श तथा उनके विचारों पर चलने का प्रयास कर रहे हैं। त्याग, तपस्या, समर्पण कर युवाओं को मार्गदर्शन और सादगीपूर्ण जीवन व्यतीत करने का संदेश देते हैं विधिक सहायता के साथ साथ यह शोषित व्यक्तियों के सारथी बनकर उनको हर हर संभव मदद करने का प्रयास करते रहते हैं यह एक मानवतावादी एवं समाजसेवी के रूप में भी जानें जातें हैं।


# डीआईजी एवं एसपी ने ली क्राइम मीटिंग, अपराधों की समीक्षा कर दिए दिशा निर्देश




**शिवपुरी ब्यूरो।** पुलिस उप महानिरीक्षक ग्वालियर अमित सांघी एवं पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन राठौड़ द्वारा आज कन्ट्रोल रूम शिवपुरी में अति. पुलिस अधीक्षक संजीव मुले, समस्त एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों के साथ क्राइम मीटिंग ली गयी। क्राइम मीटिंग में अपराधों की समीक्षा करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। क्राइम मीटिंग में दिए गए दिशा निर्देशों में चिन्हित अपराधों का ज्यादा ज्यादा निराकरण करें। वहीं हत्या एवं हत्या के प्रयास के अपराधों की समीक्षा की गयी एवं आरोपियों की गिरफ्तारी कर अपराधों के निकाल हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये, अपराध विवेचना/अनुसंधान भी पुलिस का मुख्य उद्देश्य है, इसे स्पोर्ट्स की तरह लेकर उद्देश्यों की पप्राप्ति करें। एसीएसटी के प्रकरणों मे तत्काल कार्यवाही करते हुये ज्यादा से ज्यादा अपराधों का निकाल करेंगे। महिला संबंधी अपराधों को गंभीरता से लेते हुये पीड़िता का तत्काल पुलिस सहायता पहुंचाऐंगें एवं आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे। शासन द्वारा चलाये जा रहे समस्त पोर्टलों पर समस्त थाने मय पर जानकारी भरना सुनिश्चित करेंगे। थाने पर आने बाले फरियादी/पीड़ित के साथ पुलिस द्वारा अच्छा व्यवहार करते हुये उसकी शिकायत को सुने एवं आवश्यक कार्यवाही करेंगे। अपराधों की रोकधाम के लिये समस्त थाना प्रभारी अपने क्षेत्र मे अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करेंगे। थाना क्षेत्र में शांती व्यवस्था बनये रखने के लिए असमाजिक तत्वों पर कर्यवाही करेंगे, बारन्टीयों को गिरफ्तार कर अधिक से अधिक वारंट तामिल करायेंगे। थाना क्षेत्र में अवैध गतिविधियों स्मैक,गांजा, जुआ, सट्टा आदि पर पूर्णतः प्रतिबंध लगायेंगे। आदतन अपराधियों की जमानत निरस्तीकरण की कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे। हिस्ट्रीशीटर, गुंडा-बदमाश एवं जिलाबदर के आरोपियों की समय-समय पर चेकिंग करेंगे। सी.एम हेल्पलाईन एंव जनसुनवाई की शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उचित कार्यवाही करेंगे। ऑपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिक बालक-बालिकाओं की दस्तयावी सुनिश्चित करेंगे तथा स्कूल एवं कोचिंग संस्थानों के आसपास पुलिस व्दारा प्रतिदिन भ्रमण किया जाये। सायबर सुरक्षा के लिये अभियान चलाकर एवं शैक्षणिक संस्थानों मे जाकर छात्र-छात्राओं और लोगों को जागरुक करने हेतु प्रयास करेंगे। यातायात नियमों का पालन कराने हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम करेंगे एवं यातायात अधिनियम के तहत कार्यवाही कर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित करेंगे। समय-समय पर थाने एक साथ कॉम्बिंग गस्त करेंगे एवं कॉम्बिंग गस्त के दौरान स्थाई वारंटी, गिरफ्तारी वारंटी, गुंडा- बदमाश, जिला बदर के आरोपी आदि को चेक करेंगे तथा थाना क्षेत्र मे होटल,ढावों को भी चेक करेंगे संदिग्ध होने पर कार्यवाही करने के दिशा निर्देश दिए गए हैं।

# राजनैतिक परिदृश्य पर प्रशासन का दबदबा, सत्ताधारी के विधायक बने हुए बेबस!

## कांग्रेस की बजाये विपक्ष की भूमिका निभाने में लगी भाजपा



**शिवपुरी ब्यूरो।** पिछले विधानसभा चुनाव में जनता ने शिवपुरी जिले की पांच सीटों में से चार पर भाजपा के विधायक विजयी हुए थे। इसके बाद हुए लोकसभा चुनाव में भी जनता ने शिवपुरी गुना संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया को विजयी बनाया था। प्रदेश और केन्द्र दोनों में सत्ता भी भाजपा को मिली थी। जिला पंचायत अध्यक्ष और नगर पालिका अध्यक्ष पदों पर भी भाजपा प्रत्याशी विजयी हुए थे। अधिकांश नगर परिषदों और जनपदों पर भी भाजपा को जीत हांसिल हुई थी। काफी समय के पश्चात शिवपुरी जिले में भाजपा को ऐतिहासिक सफलता प्राप्त हुई थी। इस कारण जिले से विपक्ष एक दम समाप्त हो गया था। मुख्य विपक्षी दल माने जाने वाली कांग्रेस जनता के सपोर्ट के विना और नेतृत्व की कमी से भी जूझ रही थी। ऐसी स्थिति में शासन और प्रशासन दोनों पर भाजपा का कब्जा होना चाहिए था, लेकिन ऐसा हो नहीं रहा है। राजनैतिक परिदृश्य पर प्रशासन का दबदबा बना हुआ है और सत्ताधारी दल भाजपा के विधायक बेबश बने हुए हैं। ऐसी स्थिति में भाजपाई ही अब विपक्ष की भूमिका निभा रहे हैं। यहीं नहीं भाजपा नेता एक दूसरे से जोर आजमाईश करने में भी लगे हुए हैं। ऐसी स्थिति में जनता निराशा महसूस कर रही है। उसे लग रहा है कि जब भाजपा विधायकों की ही सुनवाई नहीं हो रही तो उसकी सुध कौन लेगा। 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस और भाजपा का बर्चस्व लगभग बराबर जिले की राजनीति में बना रहा था। विधानसभा चुनाव में जिले की पांच सीटों में से कभी भाजपा दो और कांग्रेस तीन तथा कभी कांग्रेस तीन और भाजपा दो सीटों पर जीतती रही है। नगर पालिका अध्यक्ष पद पर भी कभी भाजपाई तथा कभी कांग्रेसी प्रत्याशी विजयी होता रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर भी कमोबेश लगभग यही स्थिति रही हैं। 2018 लोकसभा चुनाव से पहले तो सांसद भी शिवपुरी से कांग्रेस का चुना जाता रहा है। इस तरह से शिवपुरी जिले की राजनीति में संतुलन की स्थिति बनी रहती थी। दोनों दल समय-समय पर पक्ष और विपक्ष की भूमिका जिम्मेदारी से निभाते थे। इससे जनता भी पशोपेश में नहीं थी। प्रशासन पर भी अंकुश लगा हुआ था। उस समय भाजपा में यशोधरा राजे सिंधिया और कांग्रेस में ज्योतिरादित्य सिंधिया नेतृत्व की बागडोर संभालते थे। उस समय विपक्ष के तेबर भी पूरी तरह से बने हुए थे। सत्ताधारी दल से परेशान जनता विपक्ष की शरण लेती थी। परन्तु 2023 के बाद स्थिति एक दम से बदल गई। राजनैतिक क्षितिज पर भाजपा का कब्जा हो गया। कांग्रेस नेतृत्व और जनता विहिन हो गई। परन्तु इसका फायदा शिवपुरी के नागरिकों को नहीं मिला। हालांकि उन्होंने भाजपा की ऐतिहासिक जीत में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। पिछोर विधानसभा क्षेत्र में 1993 से लगातार कांग्रेस प्रत्याशी केपी ड्क्षसह जीतते आ रहे थे परन्तु 6 बार के विधायक केपी सिंह 2023 के चुनाव में पराजित हो गए। विजयी हुए भाजपा प्रत्याशी प्रीतम लोधी लेकिन श्री लोधी जीत के बाद भी अपने आपको असहाय महसूस कर रहे हैं। प्रशासन पर अभी भी वह पकड़ नहीं बना पाए हैं। वह इतने बेवश हैं कि उन्होंने विधानसभा में पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर आग उगली लेकिन परिणाम कुछ नहीं निकला। अबंती बाई लोधी की बलिदान दिवस पर आयोजित समारोह में उन्होंने साफ साफ कहा कि पिछोर में पुलिस प्रशासन पर अभी भी कांग्रेस की पकड़ बनी हुई है। निर्दोष भाजपा कार्यकर्ताओं पर मुकदमे लादे जा रहे हैं। जबकि दोषी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ पुलिस कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। उन्होंने यहां तक कहा कि यदि प्रदेश सरकार उनकी सुनवाई नहीं करती तो वह प्रधानमंत्री मोदी के पास जाकर इसकी शिकायत करेंगे। शिवपुरी के भाजपा विधायक देवेन्द्र जैन ने तो पत्रकार वार्ता में खुलकर कहा कि शिवपुरी में अफसरशाही जमकर भ्रष्टाचार कर रही है। कोई भी विभाग भ्रष्टाचार से अछूता नहीं है और उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही। करैरा विधायक रमेश खटीक भी परेशान बने हुए हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव से उनकी पटरी नहीं बैठ रही और उन्होंने श्री जाटव के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। भाजपा पदाधिकारियों से श्री खटीक का समन्वय नहीं बन पा रहा। उनसे नाराज होकर दो नव नियुक्त पदाधिकारियों ने अपने इस्तीफे दे दिए थे। नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा भी परेशान हैं। सूत्र बताते हैं कि नपा प्रशासन पर सीएमओ इशांक धाकड़ की पकड़ बनी हुई है।

# आबकारी विभाग की छापामार कार्रवाई, 20 लीटर हाथ भट्टी की शराब जब्त कर 6000 लीटर लहान किया नष्ट

**शिवपुरी ब्यूरो।** जिले में अवैध मदिरा की बिक्री पर रोकथाम हेतु कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी द्वारा सतत् कार्यवाही हेतु दिये गये निर्देशों के पालन में म.प्र.आबकारी अधिनियम 1915 की विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत अवैध मदिरा धारण, परिवहन, चौर्यनयन एवं विक्रय के विरूद्ध संजय कुमार गुप्ता, जिला आबकारी अधिकारी शिवपुरी के निर्देशन में दिनांक 20.05.2025 को वृत्त करैरा क्षेंत्रातर्गत नीरज त्रिवेदी, विनीत शर्मा, राहुल गुप्ता आबकारी उप निरीक्षक व आरक्षक जगदीश कुमार, सतीश जयंत, डोंगर सिंह राठौर व रितिक धाकड़ द्वारा ग्राम - छितीपुर में कंजर डेरा पर दबिश दी जाकर कुल-6000 बल्क लीटर गुड़ लहान नष्ट की व 20 बल्क लीटर हाथ भट्टी मदिरा जप्त कर म0प्र0 आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)ए, 34(1)ख्र के तहत छापामार कार्यवाही में अज्ञात प्रकरण दर्ज किया गया। आगामी दिनों में भी आबकारी विभाग शिवपुरी के द्वारा मदिरा के अवैध बिक्री पर रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही जारी रहेगी।

# डीएलएड परीक्षा 22 से, दो केन्द्रों पर 1391 परीक्षार्थी होंगे शामिल




**शिवपुरी ब्यूरो।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित डीएलएड परीक्षाएं 22 मई से शुरू होने जा रही हैं। शिक्षा विभाग पर इस परीक्षा की तैयारी को अंतिम रूप देने में जुट गया है। जिला स्तर पर इस परीक्षा के लिए दो केंद्र गठित किए गए हैं जहां डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। जिला परीक्षा प्रभारी वत्स राज सिंह राठौड़ ने बताया कि डीएलएड प्रथम वर्ष की परीक्षा 22 मई से शुरू होगी जिसमें कुल 730 परीक्षार्थी नामांकित हैं जबकि द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं 23 जून से शुरू होगी जिसमें कुल 661 परीक्षार्थी नामांकित हैं इस तरह दोनों परीक्षाओं में कुल 1391 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। जिला शिक्षा अधिकारी समर सिंह राठौड़ ने परीक्षा की तैयारीयों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### इन दो केन्द्रों पर होगी परीक्षा

जिला परीक्षा प्रभारी राठौड ने बताया कि शहर में उत्कृष्ट उमावि क्रमांक 1 व कन्या उमावि कोर्ट रोड स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। उत्कृष्ट विद्यालय परीक्षा केंद्र पर डीएलएड प्रथम वर्ष के 385 व द्वितीय वर्ष के 330 परीक्षार्थी सहित कुल 715 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। जबकि कन्या उमावि कोर्ट रोड केंद्र पर प्रथम वर्ष में 345 व द्वितीय वर्ष में 331 परीक्षार्थी सहित कुल 676 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा को लेकर माधव चौक विद्यालय परिसर स्थित परीक्षा कक्ष में कंट्रोल रूम भी गठित किया गया है।कंट्रोल रूम का प्रभारी, प्राचार्य सुनील चौरसिया को नियुक्त किया गया है।

## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीराम फायनेंस लिमिटेड द्वारा वाहन रजि. नं. एम.पी.33जेड.ए.2891 जो कि जिला परिवहन कार्यालय शिवपुरी में श्री पर्वत सिंह पुत्र श्री तुलसीदास नि. ग्राम बामोरखुर्द, जिला शिवपुरी के नाम पंजीकृत है। जो कि श्रीराम फायनेंस लिमिटेड द्वारा वित्त पोषित है। उक्त वाहन की किश्तें बकाया होने से उक्त वाहन को फायनेंस कम्पनी द्वारा अपनी सुपुर्दगी में ले लिया है। वर्तमान में उक्त वाहन को भूरा रावत पुत्र श्री जगदीश रावत नि. ग्राम माढा, तह. कोलारस जिला शिवपुरी के नाम स्थानांतरित कराये जाने हेतु जिला परिवहन कार्यालय शिवपुरी में स्थानांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी को इस वाहन को स्थानांतरित कराये जाने में आपत्ति हो तो वह 07 दिवस के अंदर जिला परिवहन कार्यालय शिवपुरी में आपत्ति दर्ज करा सकता है।

**जिला परिवहन अधिकारी**
**जिला शिवपुरी म.प्र.**

## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीराम फायनेंस लिमिटेड द्वारा वाहन रजि. नं. एम.पी.33एम.यू.7104 जो कि जिला परिवहन कार्यालय शिवपुरी में श्री कैलाश पारदी पुत्र श्री बतेदी पारदी नि. ग्राम तिजारपुर, तह. पिछोर, जिला शिवपुरी के नाम पंजीकृत है। जो कि श्रीराम फायनेंस लिमिटेड द्वारा वित्त पोषित है। उक्त वाहन की किश्तें बकाया होने से उक्त वाहन को फायनेंस कम्पनी द्वारा अपनी सुपुर्दगी में ले लिया है। वर्तमान में उक्त वाहन को राधेश्याम धाकड पुत्र श्री हाकिम धाकड नि. ग्राम करई, सुरवाया, जिला शिवपुरी के नाम स्थानांतरित कराये जाने हेतु जिला परिवहन कार्यालय शिवपुरी में स्थानांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी को इस वाहन को स्थानांतरित कराये जाने में आपत्ति हो तो वह 07 दिवस के अंदर जिला परिवहन कार्यालय शिवपुरी में आपत्ति दर्ज करा सकता है।

**जिला परिवहन अधिकारी**
**जिला शिवपुरी म.प्र.**

# धौलपुर कलेक्ट्रेट में एसडीआरएफ ने किया आपदा प्रबंधन का सजीव प्रदर्शन, नागरिक सुरक्षा एवं सिविल डिफेंस को दिया प्रशिक्षण



**धौलपुर ब्यूरो।** जिला कलेक्ट्रेट परिसर मंगलवार को राज्य आपदा प्रतिकार बल (एसडीआरएफ) की %सी% कंपनी, भरतपुर की डेमो टीम द्वारा आपदा प्रबंधन संबंधी सजीव प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्राथमिक उपचार, बाढ़ राहत, भूकंप, भवन ध्वस्त ढांचे में बचाव कार्य, बोरवेल दुर्घटनाएं तथा आगजनी जैसी आपदाओं से संबंधित राहत एवं बचाव कार्यों का अभ्यास प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त भारत-पाकिस्तान के बीच वर्त मान में व्याप्त तनाव को दृष्टिगत रखते हुए भविष्य में उत्पन्न हो सकने वाली आपात परिस्थितियों से निपटने हेतु विशेष प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान उप नियंत्रक, नागरिक सुरक्षा धौलपुर डॉ. साधना शर्मा ने भी सक्रिय सहभागिता करते हुए अभ्यास में भाग लिया। वहीं सिविल डिफेंस, धौलपुर के स्वयंसेवकों ने भी पूरे उत्साह के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर एसडीआरएफ टीम से हर प्रसाद, हेड कांस्टेबल पुनीत, कांस्टेबल विवेक शर्मा, वरिष्ठ सहायक एसडीएम कार्यालय धौलपुर, एसडीआरएफ भरतपुर के अन्य प्रशिक्षकगण एवं सिविल डिफेंस के स्वयंसेवक उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में आयोजित किया गया।

# रेल परियोजना के तहत किसानों की गई अधिग्रहण भूमि का मुआवजा शीघ्र दिया जाना करें सुनिश्चित-सांसद

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक का हुआ आयोजन




**धौलपुर ब्यूरो।** करौली-धौलपुर सांसद भजनलाल जाटव ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले के समग्र विकास के लिए सक्रिय रहकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना सुनिश्चित करें। सांसद भजनलाल जाटव ने मंगलवार को जिला परिषद सभागार मे दिशा की बैठक में अधिकारियों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने नेशनल हाईवे पर गड्ढों की मरम्मत करने, नालों की सफाई करने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टोल प्लाजा पर इमरजेंसी लेन में कार्मिकों की नियुक्ति की जाये जिससे एम्बुलेंस आदि को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। बैठक में उन्होंने धौलपुर-गंगापुर रेल परियोजना के तहत चल रहे निर्माण कार्य को तय समय सीमा के तहत पूर्ण किया जाना सुर्निश्चित करें। उन्होंने रेल्वे के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सरानीखेड़ा अण्डर पास से बसई सामन्ता के आमजन के आवागमन के लिए 100 मीटर पक्का मार्ग बनाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि रेल परियोजना कार्य के लिए किसानों की गई अधिग्रहण भूमि का मुआवजा शीघ्र अतिशीघ्र देना सुनश्चित करें। उन्होंने बैठक में कहा कि जल जीवन मिशन के तहत कहा अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कार्य समय सीमा मे पूर्ण हो व गांव व ढाणियों मे रह रहे आमजन को निश्चित समय सीमा मे पेयजल उपलब्ध हो और यह भी सुनिश्चित करें कि पेयजल लाईन बिछाते समय गांव व शहरों मे सड़क क्षतिग्रस्त होने पर उसकी शीघ्र ही मरम्मत करवायें जिससे आमजन को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने बैठक मे जल जीवन मिशन के तहत अधिक से अधिक कनेक्शन जारी करने, पीएम आवास योजना में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने मनरेगा कार्यों की मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। धौलपुर शहर में जलभराव की समस्या के निराकरण हेतु नगर परिषद आयुक्त को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को क्षतिग्रस्त खम्भों की मरम्मत करने, ढीले तारों को कसवाने के निर्देश दिए। पंचायत समिति के माध्यम से खराब हैडपम्पों की मरम्मत करवाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूर्ण संवेदनशीलता के साथ आमजन की समस्याओं का निस्तारण करने व प्रत्येक पात्र को कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करते हुए पेंडिंग प्रकरणों का निस्तारण करें। साथ ही जिन प्रकरणों में मुख्यालय से मार्ग दर्शन लिया जाना या अन्य कार्रवाई अपेक्षित है उसके संबंध में उच्चाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेते हुए जल्द कार्रवाई करें। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, परम्परागत कृषि विकास योजना, रोजगार सृजन कार्यक्रम, स्वच्छ भारत मिशन, समग्र शिक्षा अभियान सहित कृषि, वॉटरशेड, शिक्षा, आईसीडीएस, डिस्कॉम, महिला अधिकारिता, स्वायत्त शासन विभाग, उद्योग एवं वाणिज्य, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सहित अन्य विभागों के विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने दिए गए निर्देशों की पालना करवाने हेतु आश्वत किया साथ ही आमजन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# उपखंड अधिकारी ने किया यूपीएचसी सागरपाड़ा का औचक निरीक्षण



**धौलपुर ब्यूरो।** उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा ने मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सागरपाड़ा का औचक निरीक्षण किया। एडीएम शर्मा ने स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए स्टाफ उपस्थिति रजिस्टर की जांच की गई । जांच के दौरान कुल नियुक्त 9 चिकित्साकर्मियों में से 2 अनुपस्थित मिले। निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर काफी समय से चिकित्सा अधिकारी का पद रिक्त है। उन्होंने मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना, मुफ्त जांच और दवा वितरण के संबंध में जानकारी लेकर योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने लू ताप घात संबंधी व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने ओपीडी, दवा वितरण केंद्र, प्रसूता वार्ड, और जांच केंद्र का निरीक्षण करते हुए गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# दिव्यांगजन पोर्टलः आवेदन होल्ड है तो स्वावलंबन पोर्टल पर करें पंजीयन

**धौलपुर ब्यूरो।** निदेशालय विशेष योग्यजन के निर्देशानुसार ऐसे समस्त दिव्यांगजन जिनके आवेदन विभागीय दिव्यांगजन पंजीयन पोर्टल पर होल्ड हैं, उन्हें भारत सरकार के स्वावलंबन पोर्टल www.swavlamban-card.gov.in पर पंजीयन करना होगा। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने बताया कि पंजीयन निकटतम ई-मित्र केंद्र पर जाकर किया जा सकता है। यह प्रक्रिया आवश्यक है जिससे संबंधित आवेदनों की आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके और पात्र आवेदकों को दिव्यांगजन प्रमाण पत्र निर्गत किए जा सकें। उन्होंने बताया कि स्वावलंबन पोर्टल पर पंजीयन से आवेदकों को केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में भी सुविधा होगी।

# लाडो प्रोत्साहन योजना, राशि 1 लाख रुपए से बढ़कर 1.50 लाख रूपये हुई

**धौलपुर ब्यूरो।** गरीब परिवार में जन्म लेने वाली बालिकाओं के पालन-पोषण के लिए शुरू की गई लाडो प्रोत्साहन योजना की राशि राज्य सरकार ने 1 लाख रूपये से बढ़ाकर 1.50 लाख रूपये कर दी है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने इस संबंध में संशोधित दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। इस अभिनव योजना में गरीब परिवार की बालिकाओं के जन्म पर 1.50 लाख रूपये का संकल्प पत्र राज्य सरकार की ओर से दिया जाएगा। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने 12 मार्च 2025 को वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा के दौरान राशि बढ़ाकर 1.50 लाख रूपये करने की घोषणा की थी। उल्लेखनीय है कि बालिका जन्म को प्रोत्साहित करने के साथ ही जन्म से लेकर वयस्क होने तक बालिकाओं के समग्र विकास के लिए राज्य सरकार ने 1 अगस्त 2024 से लाडो प्रोत्साहन योजना पूरे प्रदेश में लागू की थी।

### बालिका जन्म के प्रति सोच बदलेगी यह योजना

बालिका के जन्म के साथ ही अक्सर मां-बाप को उसके लालन-पालन और भविष्य के खर्चों की चिंता हो जाती है। माता-पिता की चिंताओं को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने लाडो प्रोत्साहन योजना लागू की थी। इसका उद्देश्य संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना और बालिका शिशु मृत्यु दर में भी कमी लाना है। योजना के सकारात्मक पहलू को देखें तो भविष्य में घटते शिशु लिंगानुपात में भी सुधार आएगा। बालिकाओं का विद्यालय में नामांकन एवं ठहराव बढ़ेगा। माता-पिता उनकी पढ़ाई जल्दी छुड़वाकर कम उम्र में शादी नहीं करवाएंगे जिससे बाल विवाह में कमी लाने में भी मदद मिलेगी।

### किस्तों में होगा राशि का भुगतान

इस योजना में बालिका के जन्म पर 1.50 लाख रुपए राशि का संकल्प पत्र प्रदान किया जाएगा। बालिका के जन्म से लेकर 21 वर्ष आयु पूरी करने तक इस राशि का भुगतान 7 किस्तों में डीबीटी के माध्यम में ऑनलाइन किया जाएगा। पहली छह किश्तें बालिका के माता-पिता अथवा अभिभावक के बैंक खाते में तथा 7वीं किश्त बालिका के बैंक खाते में ऑनलाइन हस्तांतरित की जाएगी। पात्र चिकित्सा संस्थानों में संस्थागत प्रसव के तहत बालिका का जन्म होने पर पहली किश्त 2500 रूपए, आयु एक वर्ष एवं समस्त टीकाकरण होने पर दूसरी किश्त 2500 रूपए, राजकीय विद्यालय या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय में पहली कक्षा में प्रवेश लेने पर तीसरी किश्त 4000 रुपए, राजकीय विद्यालय या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय में छठी कक्षा में प्रवेश लेने पर चौथी किश्त 5000 रुपए, राजकीय विद्यालय या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय में 10वीं कक्षा में प्रवेश लेने पर पांचवी किस्त 11,000 रुपए, राजकीय विद्यालय या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय में 12वीं कक्षा में प्रवेश लेने पर छठी किश्त 25,000 रूपए तथा राजकीय एवं राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने एवं 21 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 7वीं किश्त 1 लाख रूपए (राशि बालिका के बैंक खाते में ऑनलाईन ट्रांसफर होगी) मिलेगी। पहले सातवीं किश्त के रूप में 50 हजार रूपये देने का प्रावधान था जिसे मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बढ़ाकर एक लाख रूपए कर दिया है। योजना की प्रथम दो किश्तों के बाद किसी चरण में किश्त का लाभ नहीं लिए जाने की स्थिति में तर्कसंगत कारण का उल्लेख करने पर पात्र बालिका को अगली किश्त का लाभ मिल सकेगा।

### योजना की पात्रता एवं प्रक्रिया

योजना के पात्रता के तहत बालिका का जन्म राजकीय चिकित्सा संस्थान अथवा जननी सुरक्षा योजना (जेएसवाय) के लिए अधिस्वीकृत निजी चिकित्सा संस्थान में होना आवश्यक है। साथ ही, प्रसूता का राजस्थान की मूल निवासी होना भी जरूरी है। गर्भवती महिला की एएनसी जांच के दौरान राजस्थान की मूल निवासी होने का प्रमाण-पत्र अथवा विवाह पंजीयन प्रमाण-पत्र, बैंक खाते का विवरण आदि दस्तावेज प्राप्त कर उनका चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संधारण किया जाएगा और पीसीटीएस पोर्टल पर विवरण दर्ज किया जाएगा। संस्थागत प्रसव के तहत बालिका के जन्म के बाद प्रथम किस्त का लाभ बालिका की माता के बैंक खाते में देय होगा। माता की मृत्यु होने पर पिता के बैंक खाते में और माता-पिता दोनों नहीं रहे तो राशि का अभिभावक के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से ऑनलाइन हस्तांतरण होगा। प्रत्येक बालिका को जन्म के समय ही यूनिक आईडी अथवा पीसीटीएस आईडी नंबर चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा दिया जाएगा।

बालिका की आयु एक वर्ष पूर्ण होने एवं संपूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित होने की ऑनलाइन जानकारी उपलब्ध होने के बाद चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा दूसरी किश्त की राशि माता-पिता अथवा अभिभावक के खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर की जाएगी। तीसरी किश्त से लेकर छठी किस्त का लाभ संबंधित राजकीय अथवा राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के माध्यम से दिया जाएगा जहां बालिका अध्ययनरत है। बालिका के माता-पिता से पूर्व की किस्तों की यूनिक यूनिक आईडी अथवा पीसीटीएस आईडी नंबर मांगा जाएगा। आईडी के माध्यम से पोर्टल पर बालिका का विवरण ट्रेक किया जाएगा। योजना की अंतिम किश्त बालिका के स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने एवं 21 वर्ष की आयु पूरी करने पर 1 लाख रूपये बालिका के खाते में सीधे हस्तांतरित किए जा सकेंगे। बालिका के स्नातक कक्षा में प्रवेश से लेकर स्नातक उत्तीर्ण करने से जुड़े दस्तावेज उच्च शिक्षा विभाग द्वारा पोर्टल पर अपलोड करने होंगे।

### योजना का पर्यवेक्षण एवं क्रियान्वयन

योजना का प्रशासनिक विभाग निदेशालय महिला अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास होगा। प्रत्येक तीन माह में योजना की समीक्षा जिला स्तर पर संबंधित जिला कलक्टर द्वारा की जाएगी।

योजना का पर्यवेक्षण बेटी बचाओ-बेटी पढाओ योजना की जिला टास्क फोर्स द्वारा किया जाएगा।

## (सफलता की कहानी)
## श्रीमती लता देवी 18 बीघा में जैविक खेती कर बनी आत्मनिर्भर



**मुरैना,कांस।** पोरसा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत के अंतर्गत ग्राम बमूर का पुरा निवासी श्रीमती लता देवी पत्नी धर्मवीर तोमर ने 2021 से खेती किसानी कर रही है ।वह करीबन 18 बीघा की ज़मीन में खेती कर रही है। श्रीमती लता देवी बताती हैं कि उन्होंने 18 बीघा ज़मीन पर जैविक खेती करना शुरू किया है वह कहती है की यह कार्य उनके द्वारा 2021 से किया जा रहा हैं।वह बताती है कि जैविक खेती में जो भी प्रणाली उपयोग में आती है मैं उन्हें सीखकर अपनी खेती में सुधार ला रही हूँ।जिससे मुझे समाज में आत्म सम्मान मिला है लोग मुझे वैज्ञानिक कृषक के रूप में पहचान रहे है।वह बताती है कि जैविक खेती में उनके द्वारा जीवाअमृत, घनजीवा, अमृतगोबर, गैस, स्लरी, केंचुआ खाद, कीट नियंत्रण हेतु नींम तेल द्रश्यप्रणी आदि का उपयोग किया जाता है।वह बताती है कि अभी तक वह सरसों, चना, गेहूं, अरहर, ग्रीष्मकालीन मूंग की खेती के साथ-साथ गन्ना, केला, पपीता, अनार, जामुन, सेहतूत, अनजीर, गुलाब, सहजन, मिर्ची, बेगन, हल्दी से पैदावार ले चुकी है।उनके द्वारा सिंचाई के लिये ड्रिप सिस्टम का प्रयोग किया जाता है।इसके साथ ही वह बताती है कि गाय, भैंसो के लिये हरे चारे के तौर पर चरी, नेपियर घास की भी उपज उनके द्वारा की जा रही है। इस वर्ष उनको ग्हेंहूं, चना, सरसों की फसल से बम्फर पैदावार मिली है। कृषक श्रीमती लता देवी बतातीं है कि जैविक खेती से फसल इतनी मुनाफे वाली हुई है कि उनके द्वारा मंडी में 8 हजार रूपये क्विंटल चना एवं गेहूं का विक्रय अच्छी क़ीमत में किया गया । वह कहती है कि ये सब मार्गदर्शन उन्हें कृषि विभाग के कृषि विस्तार अधिकारी श्री मोहन लाल शर्मा द्वारा दिया गया।वह कहती है कि जैविक खेती कार्यक्रम को वह प्रांतीय स्तर पर ले जाना चाहती है।वह कहती है कि जैविक तरीक़े से खेती करने से मैं बेहद ख़ुश हूँ मेरी आय में भी बढ़ोतरी हुई हैं।वह कहती हैं कि जैविक खेती करने में कृषि विभाग के अधिकारियों से मुझे भरपूर सहयोग दिया है। इससे मेरी इस क्षेत्र में महिला किसान के रूप में पहचान बन गई है।

## वृद्ध की सडक हादसे में मौत

**मुरैना,कांस।** माता बसैया थाना क्षेत्र के शांति नगर खेडा मेवदा में निवास करने वाले रामप्रसाद पुत्र किशनलाल उम्र 72 साल सडक हादसे में मौत हो गई थी। थाना पुलिस ने फरियादी छविराम पुत्र रामप्रसाद माहौर की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

## जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों का अधिकारी तत्परता से निराकरण करें - कलेक्टर
### 20 मई को 135 आवेदनकर्ताओं को जनसुनवाई में सुना गया



**मुरैना,कांस।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को प्रातः 11 से दोपहर 01 बजे तक जनसुनवाई करने के निर्देश हैं। निर्देशों के तहत जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रट मुरैना में कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने 20 मई को जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान 135 आवेदन प्राप्त हुये। कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदन को बारी-बारी से सुना और उनकी समस्या का निराकरण करने का आश्वासन संबंधित आवेदनकर्ता को दिया। इस दौरान जनसुनवाई कक्ष में बैठे सभी अधिकारियों को कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने निर्देश दिये कि प्राप्त होने वाले आवेदनों का अधिकारी तत्परता से निराकरण करें। इस दौरान कई विभागों को ऐसे आवेदन भी प्राप्त हुये, जिनका मौके पर तत्परता से निराकरण किया जाना संभव नहीं था। उन आवेदनों को कलेक्टर ने टीएल मार्क करते हुये संबंधित विभागों को उत्तरा पोर्टल पर भेजने के निर्देश एनआईसी को दिये। जनसुनवाई में कलेक्टर द्वारा नामांतरण, बटवारा, राशन, पात्रता-पर्ची, आम रास्ता, शिक्षा, आवास, कृषि, वेटनरी जैसे आदि विभागों को आवेदन प्राप्त हुये, उनका कलेक्टर द्वारा मौके पर निराकरण करने का आश्वासन आवेदनकर्ता को दिया। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री सी.बी. प्रसाद, संयुक्त कलेक्टर श्री राजन बी नाडिया, श्री शुभम शर्मा, एसडीएम मुरैना बी.एस. कुशवाह, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मेघा तिवारी, श्रीमती प्रतिज्ञा शर्मा सहित समस्त जिलाधिकारी, नायब तहसीलदार आदि उपस्थित थे।

## रोटरी मेडीकल मिशन राहत के अंतर्गत विवेक तन्खा ने 22 लाख की राशि दी

**मुरैना,कांस।** रोटरी मेडीकल मिशन राहत-2 के सफल आयोजन में राज कृष्ण तन्खा फाउण्डेशन के संस्थापक, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अभिभाषक एवं राज्य सभा सदस्य श्री विवेक तन्खा ने 22 लाख रूपये की राशि का चेक आयोजन समिति में चिकित्सकों के लिये एवं पैरा मेडीकल स्टाफ के लिये उपयोग किये गये होटल आदि का भुगतान के लिए अपने ट्रस्ट में से दिया। अपर कलेक्टर मुरैना श्री सी.बी. प्रसाद द्वारा सभी होटल संचालक एवं होटल के स्टाफ को उपरोक्त चेक प्रदान किया गया।कलेक्टर कार्यालय के सभागार में आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में पूर्व अतिरिक्त महाधिवक्ता राजीव शर्मा, रोटरी मेडीकल मिशन के अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन, सचिव प्रदीप पाराशर, उदित चतुर्वेदी, रोहित जैन, सचिन राजपूत, पंकज जैन सहित अनेक व्यापारियों ने उपस्थित होकर तन्खा फाउण्डेशन की ओर से उपरोक्त राशि भेंट की। उल्लेखनीय है कि राज कृष्ण तन्खा फाउण्डेशन ने रोटरी मेडीकल मिशन राहत-2 में अपने फाउण्डेशन की ओर से 37 लाख रूपये प्रदान किये, जबकि 8 जनवरी 2005 की पहली मींटिग में राज्य सभा सदस्य श्री विवेक तन्खा ने मेडीकल केम्प के लिये 25 लाख रूपये देने की धोषणा की थी। उन्होंने 37 लाख रूपये इस आयोजन में अपनी ओर से व्यय किये। अभी मरीजों के ऑपरेशन वृन्दावन में, एम्स भोपाल में एवं अन्य स्थानों पर चल रहे है। सभी मरीजों ने एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने रोटरी रीजनल मेडीकल मिशन राहत 2 के अध्यक्ष, मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर को अभी तक हुये ऑपरेशन की जानकारी प्रस्तुत की।




## सी.एम.सी.एल.डी.पी छात्र छात्राओं ने सिविल हॉस्पिटल अम्बाह का किया भ्रमण




**मुरैना,कांस।** मुख्यमंत्री सामुदायिक क्षमता विकास पाठक्रम के बी एस डब्ल्यू तथा एम एस डब्ल्यू के छात्र छात्राओं को मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकास खंड समन्वयक रामकेश सिंह सिकरवा, जिला समन्वयक सतीश सिंह तोमर के निर्देशन मे सिविल हॉस्पिटल अम्बाह का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया जँहा बी एम ओ डॉ प्रमोद शर्मा द्वारा सभी छात्र छात्राओं परामर्शदाताओं नवाकुर संस्था के प्रतिनिधियो को जन सामान्य को दी जाने वाली विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों, कैम्प,हॉस्पिटल के विषय मे कार्य प्रणाली, निशुल्क दवाई वितरण कार्यक्रम टीकाकरण, आदि के विषय मे विस्तार से बताया भ्रमण मे नवाकुर संस्था जन चेतना के सुरेंद्र छारी, चन्दन वसुंधरा से भीकम सिंह तोमर सक्षम फाउंडेशन से विनोद कुमार बघेल तथा परामर्शदाता गिरजा शंकर शर्मा, प्रेम दीप कुलश्रेष्ठ, राधा चरण तोमर, सुशील छारी, नेहा तोमर तथा छात्रों मे भीमसेन सिंह तोमर, आंनद सिंह तोमर धर्मेंद्र सिंह तोमर, अरविन्द छारी, राजीव कुमार, पवन शर्मा, मानवता, अंजू तोमर, पल्लवी शर्मा, सोनल तोमर, विजय पाल, संजय कुमार, बीना माहौर, रानी सिकरवार, सध्या, रिंकी तोमर, स्वार्थी तोमर आदि उपस्थिति रहे।

## मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं को महिला एवं बाल विकास विभाग जौरा क्रमांक 1 में शैक्षणिक भ्रमण कराया गया
### महिलाएं भारतीय समाज में जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अहम भूमिका निभा रही है - आरती राजपूत




**मुरैना,कांस।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जौरा के ब्लॉक समन्वयक श्री बी.डी. शर्मा के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत संचालित बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं को महिला एवं बाल विकास विभाग जौरा क्रमांक 1 में शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जिसमें मुख्य रूप से परियोजना अधिकारी आरती राजपूत, महिला सुपरवाइजर दीपा कन्नौजिया एवं प्रियंका भाउसार, नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि अलकेश राठौर, परामर्शदाता श्री प्रशांत शर्मा, श्रीमती जया बागड़े, विनोद शर्मा, श्रीकुमार शर्मा, शिवानी शर्मा आदि सीएमसीएलडीपी छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान परियोजना अधिकारी आरती राजपूत द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, घरेलू हिंसा एवं महिलाओं के लिए वन स्टॉप सेंटर की संपूर्ण जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जिसमें मुख्य रूप से लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाडली बहना योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, बाल आशीर्वाद योजना, स्पॉन्सरशिप योजना आदि की संपूर्ण जानकारी दी। साथ ही उन्होंने कहा कि महिलाएं भारतीय समाज में जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अहम भूमिका निभा रही है। तत्पश्चात महिला सुपरवाइजर दीपा कन्नौजिया द्वारा कुपोषित बच्चों की जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह से संबंधित नियम कानून पर चर्चा कर महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना है एवं महिला संबंधित विभिन्न सामाजिक मुद्दों तथा विभागीय जानकारी उपलब्ध कराई। महिला सुपरवाइजर प्रियंका भाउसार ने बताया कि महिला और बाल विकास मंत्रालय के अंतर्गत कई कार्यक्रम और योजनाएं चलाई जा रही है। जिनका उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के विकास और कल्याण के लिए है। ये योजनाएं महिलाओं और बच्चों को सशक्त बनाने, उनके स्वास्थ्य और पोषण में सुधार करने और उनके विकास के लिए आवश्यक सेवाएं प्रदान करने के लिए बनाई की गई हैं।

## युवक फांसी पर झूला

**मुरैना,कांस।** स्टेशन रोड थाना क्षेत्र में एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के शमशान रोड बडोखर में निवास करने वाले अनिल उर्फ भोलू पुत्र केशव जाटव उम्र 28 साल ने अपने घर पर अज्ञात कारणो के चलते अपने कमरे में फांसी का फन्दा लगाकर झूल गया जिससे उसकी मौत हो गई। थाना पुलिस ने फरियादी प्रेमसिंह की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है। इसी प्रकार इसी थाना क्षेत्र की निवासी प्रीति पत्नी जितेन्द्र ओझा उम्र 26 साल निवासी वार्ड क्रमांक 13 अम्बाह ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी, थाना पुलिस ने मर्ग जांच पर से असल मर्ग कायम कर विवेचना में शुरू किया गया है।



## विकलांग जनों ने 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एडीएम को सौंपा

**मुरैना,कांस।** विकलांग बल के निर्देशन में विकलांग बल मध्यप्रदेश के जिला मुख्यालय मुरैना पर विकलांग बल के उपप्रधान हेमंत सिंह कुशवाह जी के नेतृत्व में विकलांग जनों की 6 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन एडीएम एस बी सिंह मुरैना को सौंपा गया जिसमें प्रमुख मांग पेंशन में वृद्धि 600 रूपये से बढ़ाकर 5000 रूपये, विकलांग व विधवा महिलाओं को आवास योजना का लाभ दिए जाने, विकलांग जनों को योग्यतानुसार नौकरी व रोजगार करने के लिए लोन उपलब्ध करवाने, विकलांग जनों को रोजगार के लिए मंडी व सामुदायिक कार्यालयों में दुकान उपलब्ध करवाने, विकलांग अधिनियम 2016 के तहत विकलांग जनों के लिए जो नियम बनाए गए हैं उसको धरातल पर लागू करवाने तथा विकलांग जनों व विधवा महिलाओं को राशन में वृद्धि कर वर्तमान में 5 किलो के स्थान पर प्रति व्यक्ति को 35 किलो अनाज उपलब्ध करवाने आदि बिन्दु शामिल हैं। विकलांग बल मुरैना के जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह एडवोकेट ने कहा कि अपनी उक्त मांगों को लेकर मध्यप्रदेश के समस्त विकलांग अपनी मांगों को लेकर कई वर्षों से प्रयास करने के बाद भी यह मांगे आज दिनांक तक पूरी नहीं हुई है इसलिए हम सब चाहते हैं कि उक्त मांग जल्द से जल्द पूरी कराने में सहयोग करें। उक्त ज्ञापन सौंपने वालों में विकलांग बल मुरैना के जिला सचिव नागेंद्र खरे, संगठन मंत्री वीरेंद्र सिंह कुशवाह, पूर्व जिला सचिव रजनीश दौनेरिया, मुरैना मध्यप्रदेश ब्लॉक अध्यक्ष रामसेवक ततबांसिया, हरी प्रसाद शर्मा, जानकी प्रसाद शर्मा, बृजेश जगा, अवधेश कुशवाह, राम खिलाड़ी कुशवाह, गंबदाराम, रेणुका आदि का सहयोग रहा।

## पागल कुत्ते ने तीन गांव के लागभग दो दर्जन लोगों को काटा
### गर्वबती महिला सहित आगनवाड़ी कार्यकर्ता को कियॉ गंभीर घायल
### स्वास्थ्य, राजस्व एवं पुलिस विभाग की टीम लगातार संपर्क में





**कैलारस।** पागल कुत्ते ने कैलारस क्षेत्र के तीन ग्रामों में दो दर्जन से ज्यादा लोगो को काटा गर्भवती महिला सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता किया गंभीर घायल आज सुबह सभी लोग अपने घरेलू कार्य मे लगे हुए थे तभी तीन गांव रिझोनी,ब्रह्मबजना, सारसबाई पुरा के बुजर्ग महिला बच्चो सहित गर्भवती महिला एव आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित लागभग दो दर्जन लोगों को पागल कुत्ते ने काट लिया कुत्ते के काटने के बाद सभी के परिवार जन अपने अपने घायलो को लेकर कैलारस स्वास्य केंद लेकर पहुचे वही आगनवाड़ी कार्यकर्ता मीना कुशवाह पति सत्यवीर कुशवाह के परिजन गम्भीर हालत को देखते हुए गांव से मुरैना ले गए वही गर्वबती महिला मनीषा कुशवाह पति सुघर सिंह कुशवाह सहित अन्य घायलों का इलाज स्वास्य केंद कैलारस में किया जा रहा हैं वही कुछ घायलों को परिजन जौरा ओर मुरेना भी ले गए है वही तीन गांव में दो दर्जन से अधिक लोगो की काटने की सूचना मिलते ही बीएमओ डॉ एस आर मिश्रा, तहसीलदार विश्राम सिंह बघेल, उपनिरीक्षक संतोष गौतम,प्रधान आरक्षक पंचम सिंह स्वस्य केंद्र कैलारस पहुचे ओर घायलों से जानकारी ली वही बीएमओ डॉ एस आर मिश्रा ने बताया की सभी का इलाज चल रहा हैं वही किसी मरीज को परेशानी होगी तो रेफर किया जाएगा ड्यूटी डॉ शाक्य ने बताया कि बेजनाथ, शर्मा,गर्वती मनीषा कुशवाह, वैकुंठी धाकड़ को परेशानी होने के कारण जिला चिकित्सालय रेफर किया गया हैं वही अन्य सभी का इलाज जारी हैं। घायलों में वैकुंठी,विजय सिंह,गादीपाल,माया, मीरा, बेजनाथ,जगदीश, मनीषा, रश्मि,रामदीन, मीना, अंचल, काजल,मीरा सहित अन्य लोगो को काट गया हैं गर्भवती महिला को किया जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया हे इसी प्रकार दो माह पूर्व ग्राम सुजान गढ़ी में एक अबोध बालिका को कुत्ते ने बुरी तरह घायल कर दिया।

## युवा संगम कार्यक्रम 26 मई को सतपुड़ा आईटीआई रीवा में

**रीवा।** जिला रोजगार कार्यालय एवं सतपुड़ा आईटीआई रीवा के संयुक्त तत्वाधान में 26 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक सतपुड़ा आईटीआई रीवा में युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। युवा संगम कार्यक्रम के तहत आयोजित रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 10 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा अलग-अलग निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते 8500 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा।

उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में ट्रायडेन्ट कंपनी बुधनी, सीहोर, शक्ति पंप इंडिया लि. पीथमपुर धार, ग्रोफास्ट एग्रिटेक प्रा. लि. जबलपुर, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा, एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा, प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. रीवा, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा नासिक महाराष्ट्र, ख्याति शील्ड वेन्टुरेज प्रा. लि. रायपुर छत्तीसगढ़, विन्ध्या टेलीलिंक लि. चोरहटा रीवा तथा कन्टेम्परेरी सर्विसेज कॉर्पोरेशन इंडिया प्रा. लि. (सीएससी) इंदौर में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।


कार्यालय कार्यपालन यंत्री,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग–ग्वालियर
माधवराव सप्रे मार्ग,(मुख्य मार्ग क्रमांक–03)
भोपाल (म0 प्र0) 462003

"निविदा आमंत्रण सूचना"

नि.आं.सू. क्रं/एन.एच.एम/03/2025–26/129 भोपाल दिनांक 14/05/2025

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग ग्वालियर की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने के लिये निविदा पोर्टल ऑनलाईन (निविदा ई–टेण्डरिंग के माध्यम) से (www.mptenders.gov.in) (Department of Directorate of Health Services) निविदा आमंत्रण सूचना सरल क्रमांक 01 तक, 03 लिफाफा पद्धति से प्रपत्र "अ" फार्म में परसेंटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों हेतु प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भवन) भोपाल द्वारा जारी भवन एवं विद्युत कार्य हेतु एस.ओ.आर. 01.01.2024 (निविदा सूचना जारी होने तक किये गये समस्त संशोधनों सहित) दरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है:–

ई–निविदा सूचना क्रमांक 03/2025–26 दिनांक 14.05.2025

| सं. क्रं | टेण्डर नं. 2025_DHS_ | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | जमा धरोहर राशि रू. | टेण्डर दर राशि रू. | समय सीमा वर्षाकाल सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 423913_1 | जिला अशोकनगर के सिविल अस्पताल चंदेरी, जिला मुरैना के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नूराबाद, जिला शिवपुरी के सामुदयिक स्वास्थ्य केन्द्र पोहरी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सतनवाडा में ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट (बी.पी.एच.यू.) के स्थापना कार्य। | 169.48 | 1,69,480.00 | 12,500.00 | 12 माह |

1. कार्य से संबंधित एन.आई.टी. वेबसाइट (http://www.mptenders.gov.in) पर देखी जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्र आनलाईन दिनांक 15.05.2025 प्रातः 10:30 से दिनांक 28.05.2025 सायं 17:30 तक क्रय किये जा सकते है।
3. धरोहर राशि स्टेट हेल्थ सोसायटी, एन.एच.एम. भोपाल के पक्ष में देय होगी।
4. एन.आई.टी. में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में वेबसाईट (http://www.mptenders.gov.in) पर प्रकाशित किया जावेगा एवं समाचार पत्रो मे नही।
5. निविदा को किसी भी स्तर पर निरस्त करने के अधिकार विभाग के पास सुरक्षित है।
6. उपरोक्तानुसार कार्यो का विस्तृत विवरण ऑन–लाईन मे देखा जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
संभाग–ग्वालियर

G-13106/25


## समर कैंप में योग, संगीत तथा कला का समागम - प्राचार्य शांडिल्य



**मुरैना,कांस।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक एक मुरैना में दिनांक 1 मई से नि शुल्क समर कैंप का आयोजन किया गया था इसका समापन आज 20 मई 2025 को विद्यालय प्रांगण में किया गया इस समर कैंप की जानकारी देते हुए डॉक्टर राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि इसमें विद्यालय के लगभग 60 विद्यार्थियों ने नियमित रूप से 20 दिनों भाग लिया जिसमें प्रशिक्षक के रूप में रामेंद्र तोमर,सचिन शर्मा, लवली अग्रवाल और विश्वनाथ पवैया रहे। इस समापन अवसर पर विद्यालय प्राचार्य श्री मुकेश कुमार शांडिल्य ने बच्चों से कहा के आपने इस समर कैंप में 20 दिनों में योग, संगीत, इंग्लिश स्पीकिंग और क्राफ्ट की शिक्षा ली है उसे आप नियमित रूप से अपनी पढ़ाई के साथ-साथ दैनिक क्रियाकलापों में शामिल करोगे ऐसा मुझे विश्वास है क्योंकि नियमित योग करने से मन शुद्ध होगा और मन के साथ तन शुद्ध होगा जिससे आपका पढ़ाई में मन अच्छी तरह से लगेगा। संगीत के ज्ञान द्वारा आपकी पढ़ाई के साथ-साथ एक्स्ट्रा एक्टिविटी में वृद्धि होगी। इंग्लिश स्पीकिंग के प्रशिक्षण से अंग्रेजी विषय में निश्चित रूप से सुधार होगा। इसके साथ ही में इस समर कैंप में भाग लेने वाले बच्चों और प्रशिक्षकों को भी धन्यवाद देता हूं कि आपने पूरे मन से इस समर कैंप को संपन्न कराया है इस समापन अवसर पर सभी ने योग और प्राणायाम किया, समर कैंप में भाग लेने वाले बच्चों द्वारा बनाई गई क्राफ्ट की प्रदर्शनी लगाई गई एवं सभी प्रतिभागियों को स्वल्पाहार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। मुझे पूरी आशा है कि आप सब को इस समर कैंप से निश्चित रूप से लाभ हुआ होगा। इस अवसर पर विद्यालय परिवार से डॉ राकेश कुमार शर्मा,सचिन शर्मा,लवली अग्रवाल, अशोक शर्मा बाबूजी, देवेंद्र सिंह तोमर, रामेंद्र तोमर विश्वनाथ सिंह पवैया और लगभग 100 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## शासकीय महाविद्यालय बानमौर में लोकमाता देवी अहिल्या बाई जी की 300 वीं जयंती मनाई



**मुरैना,कांस।** शासकीय महाविद्यालय बानमौर में दिनांक 20/05/2025 को लोकमाता देवी अहिल्या बाई जी की 300 वीं जयंती पर महाविद्यालय में उनके जीवन पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया तथा विषय विशेषज्ञ द्वारा लोकमाता देवी अहिल्या बाई जी के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय सिंह किरार ने व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए लोकमाता देवी अहिल्या बाई जी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए विद्यार्थियों को बेहतर नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ में प्राचार्य-डॉ संजय सिंह किरार,डॉ रिचा गुप्ता,डॉ भावना सिंह भदौरिया, श्री कृपाल सिंह,डॉ भावना बर्मन ,डॉ राजीव शर्मा,डॉ लक्ष्मी राजपूत,डॉ प्रियंका ,डॉ रजनी कुमारी, डॉ रजनी यादव, डॉ गायत्री राणा,डॉ कल्पना राजपूत, डॉ विजयश्री अम्ब,डॉ शीतल साहू ,डॉ हेमन्त गुप्ता, डॉ बी डी गुप्ता,डॉ मोहन मरैया , श्री शैलेन्द्र, श्री सोनू , श्री कौशल,श्री अनिल आदि एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# लालबाग के ऐतिहासिक स्थल के सौंदर्यीकरण व पर्यटन संवर्धन हेतु 24 महीने में होगा पुनर्निर्माण : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## 47.59 करोड़ की लागत से लालबाग पैलेस का संरक्षण और सांस्कृतिक धरोहर के रूप में होगा विकास

**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को इंदौर के ऐतिहासिक स्थल लालबाग पैलेस पहुंचकर होल्कर राजवंश के संस्थापक सूबेदार मल्हारराव होल्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने 47.59 करोड़ रूपये लागत से लालबाग पैलेस के जीर्णोद्धार एवं उद्यान पुनर्विकास कार्य का भूमि-पूजन किया।

उन्होंने लालबाग पैलेस का भ्रमण भी किया, जहां उन्होंने महल की ऐतिहासिक संरचना और सौंदर्य का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण के प्रयास कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए बैठक कक्ष, क्राउन हॉल, बैंकेट हॉल, दरबार हॉल, किंग्स ऑफिस, मंत्रणा कक्ष, पश्चिमी बैठक कक्ष, भारतीय भोजन कक्ष पुरुष एवं महिला, बॉल रूम आदि की विशेषताओं की जानकारी प्राप्त की।

आर्किटेक्ट श्री पुनीत सोहल द्वारा लालबाग पैलेस परियोजना का प्रजेंटेशन दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को उन्होंने लालबाग पैलेस के जीर्णोद्धार एवं पुनर्विकास के लिए किए गए



मुख्यमंत्री ने किया लालबाग पैलेस के जीर्णोद्धार एवं उद्यान पुनर्विकास के लिए भूमि-पूजन

कार्य एवं आगामी कार्य योजना से अवगत करवाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस महत्वाकांक्षी कार्य के सफलतापूर्वक पूर्ण होने की कामना व्यक्त की। यह कार्य लालबाग के समृद्ध इतिहास और उसकी पुनः प्रतिष्ठा के लिए एक नई शुरुआत का प्रतीक है। उद्यान और होल्कर्स की विरासत को जीवंत रखने, उद्यान को सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधि स्थल के रूप में विकसित करने एवं ऐतिहासिक अवधारणा पर आधारित रचना अनुसार पुनःविकसित करने के उद्देश्य से यह कार्य किया जाएगा। इसके लिए 47.59 करोड़ की स्वीकृति सिंहस्थ मद अंतर्गत प्राप्त हुई है। यह कार्य मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा किया जाएगा। कार्य की समय सीमा 24 माहअर्थात मई 2027 निर्धारित है। इसमें बाउंड्री वाल, पाथवे, पार्किंग, सॉफ्ट स्केपिंग एवं सिंचाई, जनसुविधा, टिकिट काउंटर, उद्यान कैफे, मुक्ताकाश मंच, मंडप,रानी अहिल्या बाई आत्मरक्षा केंद्र (बालिकाओं के लिए), वनस्पति रक्षा ग्रह, बाहरी विद्युतीकरण, सजावटी प्रकाश खंभे, बगीचे के लिए पाइप संगीत प्रणाली, सीसीटीवी आदि का कार्य किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण अवसर पर मंत्रि-परिषद के सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे, जिन्होंने परियोजना की महत्वता और विकास के प्रति सरकार के संकल्प का समर्थन किया।

# निगमायुक्त श्री संघ प्रिय ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**ग्वालियर,नसं.।** नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने विभागीय कार्यों की समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर में पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से चले, आमजन पानी के लिए परेशान न हो। इसके साथ ही निगम के सभी कार्यालयों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग लगाये जाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में अपर आयुक्त श्री अनिल दुबे, अपर आयुक्त वित्त श्रीमती रजनी शुक्ला, उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता, अधीक्षण यंत्री श्री जेपी पारा, उपायुक्त डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। नगर निगम मुख्यालय में आयोजित बैठक में सीएम हेल्पलाइन पर आने वाली शिकायतों के निराकरण समय सीमा में नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की। इसके साथ ही भवन अनुज्ञा, सिविल, सीवेज, जनकल्याण, स्वच्छता आदि की अधिक शिकायतें मिलने तथा उनका निराकरण समय सीमा में नही होने पर संबंधित को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया कि मई माह की शिकायतें पहले संतुष्टि के साथ बंद करायें और अप्रैल माह की ऐसी शिकायतें जो मांग आधारित हैं उन्हें स्पेशल क्लॉज के तहत बंद करायें। इसके साथ ही 50 दिवस एवं 100 दिवस पुरानी शिकायतों का जबाव स्पष्ट एंव सही दें। जिससे उनको बंद कराया जा सके। बैठक में यह भी निर्देशित किया कि बरसात से पहले नालों की सफाई कराये तथा मुख्य मार्गों के किनारे कहीं भी कचरा न हो। घरों से निकलने वाले कचरे का प्रोपर सेग्रीगेशन हो इसके लिए कचरा वाहन पर चलने वाले हेल्परों को समझाइश दें। साथ ही यह भी निर्देशित किया अगले माह से स्वच्छता में वार्ड वाइज रैंकिंग की जाएगी इसके लिए अभी से तैयारी करें। जिन चौराहों पर सौंदर्यीकरण किया जाना है उनको चिन्हित करें तथा वेस्ट टू वंडर पार्क में जो भी आवश्यक कार्य है उन्हें शीघ्र पूर्ण करायें जिससे पार्क को आमजन के लिए खोला जा सके। विभागीय समीक्षा के दौरान यह भी निर्देशित किया कि पेच रिपेयरिंग के कार्य में तेजी लाएं तथा ई चार्जिंग स्टेशन की प्रगति रिपोर्ट की भी जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली। बैठक में वाटर एटीएम को जीर्णोद्धार कर शीघ्र चालू करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# नेहरू ने किसानों का पेट काटकर पाक को दिया पानी: कृषि मंत्री शिवराज बोले: पीएम मोदी ने यह अन्याय खत्म किया



**भोपाल ,ब्यूरो।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को पूसा भवन में किसानों के साथ मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सिंधु जल समझौते और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि अब तक किसानों के हक का पानी पाकिस्तान जा रहा था, लेकिन पीएम मोदी ने कई सालों से चले आ रहे अन्याय को खत्म कर दिया। उन्होंने पाकिस्तान पर चुटकी लेते हुए कहा कि पाकिस्तान सोच रहा था कि, तुर्किए, चीन के ड्रोन, मिसाइल दाग कर वो भारत को डरा लेगा, लेकिन सेना ने उनके ड्रोन और मिसाइल को खिलौनों की तरह मार कर गिराया। अब उस मलबे से हमारे बच्चे खेल रहे हैं। तीन दिन में पाकिस्तान घुटनों पर आ गया। गर्व है हमारी सेना के शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ये ऐतिहासिक फैसला है, सिंधु जल समझौता रद्द कर दिया गया, ये साधारण घटना नहीं है। सिंधु जल समझौता जब हुआ तब पंडित जवाहर लाल नेहरू प्रधानमंत्री थे, उन्होंने 80त्न पानी पाकिस्तान को दे दिया। केवल पानी ही नहीं दिया, पानी के साथ 83 करोड़ रुपए भी दिए, जिसकी वर्तमान में कीमत है 5 हजार 500 करोड़ रुपए है। अपने देश के किसानों का पेट काटकर हम उनको पानी दे रहे जो आतंकियों को पैदा करने के लिए जवाबदार है।

# विचारों की अभिव्यक्ति सहजता से होनी चाहिए : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



**भोपाल,ब्यरो।** मख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जिस तरह ईश्वर को पाने के लिए कठिन मार्ग से गुजरना होता है। उसी तरह पत्रकारिता का भी क्षेत्र है। इसमें विचारों की अभिव्यक्ति सहजता से होना चाहिए और देश सेवा की भावना निहित होना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर में निजी समाचार समूह द्वारा 'नए भारत में स्वतंत्र पत्रकारिता की भूमिका, चुनौती और संभावना' विषय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंगार, प्रदेश शासन के जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, वरिष्ठ पत्रकार और लेखक श्री गुलाब कोठारी, क्रिकेटर श्री अमय खुरासिया, शिक्षाविद सुश्री धरा पांडे एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# शक्कर कारखाना चलाओ सर्व दलीय संघर्ष समिति का उपवास एस डी एम के आश्वाशन के बाद समाप्त

**कैलारस,कासं.।** सर्व दलीय कारखाना चलाओ संघर्ष द्वारा आज शक्कर कारखाना परिसर में कैलारस शक्कर कारखाने की जमीन नीलामी के विरोध में एवं कारखाने को पुनः प्रारंभ करने हेतु शक्कर कारखाने की संपत्ति को नीलाम नहीं किया जाए। सातत्तीय उच्च न्यायालय के आदेश के पालन में कर्मचारी, किसानों का बाकाया शुगतान करते के लिए सरकार विशेष आर्थिक सहायता प्रदान करे इन मांगों को लेकर विधायक पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में एक दिवसीय उपवास रखा गया जिसमें सेकडो की संख्या में किसान महिलाएं सभी दलों के कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित हुए इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक पंकज उपाध्याय ने कहा कि कैलारस शुगर फैक्ट्री यहां के किसान व्यापारी मजदूर कर्मचारी की जीवन दायनी हे इसे सरकार को हर हाल में चालू करना होगा इसके लिए हम लगातार लड़ाई लड़ रहे हे और जब तक कारखाना चालू नहीं हो जाता हमारी लड़ाई जारी रहेगी उन्होंने कहा कि जिले का एकमात्र बड़ा उद्योग दि मुरैना मंडल सहकारी शक्कर कारखाना कैलारस गत 14 वर्षों से बंद कर दिया गया है। इस कारखाने की आधारशिला सन् 1965 में डकैत प्रभावित क्षेत्र के विकास के लिए किसानों की प्रगति के लिए, बेरोजगार नौजवानों को रोजगार देने के उद्देश्य से सहकारिता के क्षेत्र में की गई थी। तत्समय भिंड के सर्वातुकेड़ा गांव से लेकर श्योपुर कलां के आखिरी गांव तक किसानों ने अपने पशु बेचकर, जमीनें, जेवर बेचकर कारखाने के शेयर खरीदे और कारखाने की सहकारिता के क्षेत्र में स्थापना हुई। कारखाने का पहला पिराई सीजन 1971-72 में शुरू हुआ। उसके बाद इस क्षेत्र में विकास की गंगा बह गई।

किसानों का विकास हुआ नौजवानों को रोजगार मिला क्षेत्र की प्रगति हई उन्नति हुई। लेकिन इस कारखाने पर तथाकथित राजनेताओं की कुदृष्टि पड़ गई। उन्होंने षड्यंत्र पूर्वक इस कारखाने को सन् 2011 से स्थाई रूप से बंद कर दिया। तब से यह कारखाना बंद है। इस कारखाने के प्लांट को स्क्रैप में बेचने, जमीन को बेचने नीलाम करने की कोशिशें लगातार किसान, श्रमिकों के आंदोलन के चलते निष्फल हुई है। कारखाना बचा हुआ है। लेकिन अब इस कारखाने को स्थाई रूप से बचाने और चलाने का संघर्ष आगे बढ़ाना है। उसके लिए हम सभी किसान, मजदूर नौजवान भाई बहन गत 14 वर्षो से संघर्ष कर रहे हैं। यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा। जब तक यह कारखाना सहकारिता के क्षेत्र में चालू नहीं होता और किसान कर्मचारियों का बकाया भुगतान नहीं किया जाता है। तब तक यह एकजुट संघर्ष निरंतर जारी रहेगा। अभी हाल ही में 20 मई को माननीय उच्च न्यायालय के आदेश की आड़ में कारखाने के फॉर्म की जमीन को नीलाम करने की कोशिश फिर से की जा रही है।पांच बार कोशिश सफल नहीं हुई है। हमारी मांग है कि कारखाने को नई तकनीक और मशीनों के साथ सहकारिता के क्षेत्र में तत्काल चालू किया जाए। किसानों, कर्मचारियों का बकाया भुगतान किया जाए। इसके लिए राज्य सरकार केन्द्रीय सहकारिता मंत्री के लिए प्रस्ताव भेजे एवं सरकार विशेष अनुदान स्वीकृत करें। इन मांगों को लेकर हम सभी किसान, मजदूर, नौजवान भाई, बहन 20 मई को दोपहर 10ः00 बजे से शक्कर कारखाना प्रांगण में सामूहिक उपवास कर रहे हे






उपवास कार्यक्रम को पंकज उपाध्याय विधायक (विधानसभा क्षेत्र जौरा) के अलावा अशोक तिवारी (पूर्व नपाध्यक्ष, माकपा प्रदेश अध्यक्ष किसान सभा) गवाराम सिंह धाकड़ (कार्यकारी जिला अध्यक्ष मध्य प्रदेश किसान सभा)बदन सिंह यादव (आम आदमी पार्टी) बृजमोहन mrreiya सुरेश उपाध्याय राजकुमार सिंह सिकरवार जगन्नाथ धाकड़ सर्वनलाल धाकड़ , मथुरा प्रसाद शर्मा मुरारीलालअमर ,सतेंद्रसोलंकी डॉ दशरथ कुशवाह, रवि उपाध्याय फोदलियाराम जाटव , नीकेराम त्यागी , संतोष सोलंकी, सुरेश रजक , शराफत अली डॉ शम्मा कुरेशी ओमप्रकाश शर्मा नरहरी शर्मा बल्लभ यादव संदीप मारिया , मोहित शुक्ला , चंदन सिंह सिकरवार , आदिराम जाटव भैरू धाकड़ जगदीश राठौर, दिनेश श्रीवास्तव , दीपक यादव अभिषेक जैन, ने भी संबोधित किया उपवास स्थल पर प्रशासन की ओर से पहुंचे एस डी एम सबलगढ़ अरविंद माहोर , ने उपवास करने वाले लोगों के बीच पहुंचकर नीलामी रोकने एवं किसानों कर्मचारियों का भुगतान शीघ्र करने का आश्वाशन दिया ओर उपवास समाप्त कराया एस डी एम अरविंद माहोर ने बताया कि कारखाने की लगभग 54 करोड़ की देनदारियां हे जिनका भुगतान होना हे इसके शासन स्तर पर निर्णय लिया जाएगा।

# प्रधानमंत्री श्री मोदी के मुख्य आतिथ्य में महिला सशक्तिकरण महा सम्मेलन 31 मई को भोपाल में

## प्रधानमंत्री श्री मोदी इंदौर मेट्रो तथा सतना और दतिया एयरपोर्ट का करेंगे वर्चुअल लोकार्पण

**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर का जीवन समाज, संस्कृति और राष्ट्र के लिए समर्पित रहा। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व भारत की अमोल निधि है। लोकमाता के सुशासन के साथ ही न्याय, शिक्षा, समाज कल्याण, धर्म कल्याण, जल संरक्षण और संवर्धन आदि के कार्यों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए इंदौर में मंत्रि-परिषद की बैठक आयोजित की गई है। मालवा का गौरवशाली और स्वर्णिम इतिहास रहा है। इसे रेखांकित करने के आवश्यकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मालवा के ऐतिहासिक व्यक्तित्व मल्हार राव होल्कर, लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर, बाजीराव आदि को स्मरण करते हुए मालवा की धरती को नमन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर के राजवाड़ा के दरबार हाल में मंत्रि-परिषद की बैठक के पहले सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणा वाक्य ÷विरासत से विकास की ओर÷ से प्रेरणा लेकर विरासत के संरक्षण और संवर्धन करते हुए विकास की अवधारणा को मूर्त रूप दिया जा रहा है। मंत्रि-परिषद की पहली बैठक जनजातीय वीरांगना रानी दुर्गावती की स्मृति में जबलपुर में आयोजित की गई थी। आज लोकमाता अहिल्याबाई को समर्पित मंत्रि-परिषद की बैठक की जा रही है। उन्होंने कहा कि आगामी 3 जून को पचमढ़ी में जनजातीय राजा श्री भभूत सिंह की स्मृति में मंत्रि-परिषद की बैठक का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश कृषि क्षेत्र में देश में अग्रणी प्रदेश है। कृषि और कृषि उत्पाद को बढ़ावा देने के साथ कृषकों के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। खेत में उपज से कारखाने और कारखाने से उद्योग तक की संकल्पना को चरितार्थ करते हुए उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ के मुख्य आतिथ्य में नरसिंहपुर में 26 से 28 मई की अवधि में कृषि-उद्योग समागम का आयोजन किया जा रहा है। म.प्र. सरकार किसानों तक नवीनतम तकनीक पहुंचाने, खाद्य प्र-संस्करण उद्योगों को बढावा देने तथा किसानों को अपने उत्पाद का सही मूल्य दिलाने के हर प्रयास कर रही है।

# ट्रक कैंटर की टक्करः धमाके में जिंदा जला चालक. स्टेयरिंग में फंसा, चिल्लाता रहा, लेकिन बचा नहीं, सिर्फ हड्डियां मिलीं





**आगरा,कासं.।** ट्रक और कैंटर की टक्कर हो गई। हादसे में कैंटर चालक जिंदा जल गया। हुआ यूं कि टक्कर के बाद ट्रक और कैंटर में आग लग गई। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। ट्रक में फंसे चालक और क्लीनर को बाहर निकाला। लेकिन कैंटर चालक स्टीयरिंग में फंसा हुआ था। वह बचाओ बचाओ चिल्ला रहा था। लोग उसे बचाने दौड़े, लेकिन तभी धमाकों के साथ कैंटर के टायर फटने लगे। यह देखकर लोग रुक गए और कैंटर चालक जलकर मर गया। करीब 3 घंटे तक कैंटर के साथ चालक जलता रहा। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझने के बाद कैंटर चालक की केवल हड्डियां मिलीं। पुलिसकर्मी उन्हें पालिथीन में भरकर ले गए। घायल ट्रक चालक सिमरनजीत सिंह और क्लीनर को सीएचसी सैंया में भर्ती कराया गया है। हादसा मंगलवार सुबह पांच बजे आगरा ग्वालियर हाईवे पर सैंथिया पेट्रोल पंप के पास हुआ।

### ट्रक सड़क खड़ा था, कैंटर पीछे से घुसा

पुलिस के मुताबिक, सैंथिया पेट्रोल पंप से 200 मीटर दूर हाईवे पर एक खराब ट्रक खड़ा था। ड्राइवर और क्लीनर ट्रक में बैठे थे। सुबह करीब 5 बजे दिल्ली की ओर से तेज रफ्तार कैंटर आया और ट्रक में पीछे से टकरा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर के बाद तेज आवाज आई। हम लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। देखा तो ट्रक ड्राइवर और क्लीनर ट्रक में फंसे हुए थे। हम लोगों ने उन्हें बाहर निकाला। इसके बाद कैंटर चालक को बचाने के लिए दौड़े। वह स्टीयरिंग के बीच में फंसा हुआ था।

### धमाके साथ कैंटर में लगी आग, डेढ़ घंटे में काबू पाया

जब हम कैंटर चालक के पास पहुंचने ही वाले थे, तभी फिर धमाका हुआ। हम लोग रुक गए। इसके बाद कैंटर में आग लग गई। थोड़ी देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। हमारे सामने ही कैंटर चालक जल गया। हमने इसकी सूचना पुलिस को दी। 15 20 मिनट बाद पुलिस फायर ब्रिगेड टीम के साथ मौके पर पहुंची। दमकल ने डेढ़ घंटे में आग पर काबू पाया। आग बुझने के बाद पुलिस ने चालक का जला हुआ शव बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि कैंटर में हार्डवेयर का सामान लदा था, जबकि ट्रक में परचून का सामान था। इसलिए आग तेजी से फैली।

### दो किमी दूर से दिखा धुएं का गुबार

राहगीर राहुल ने बताया धुएं का गुबार दो किलोमीटर दूर से दिख रहा था। धुआं देखकर हम मौके पर पहुंचे। गनीमत रही कि घटना पेट्रोल पंप से 200 मीटर दूर हुई। अगर यह पास में होती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

### दो घंटे तक जाम में फंसे रहे वाहन

हादसे की वजह से हाईवे पर लंबा जाम लग गया। करीब 2 घंटे तक वाहन फंसे रहे। आग बुझने के बाद पुलिस ने क्रेन बुलवाकर दोनों वाहनों को सड़क से हटवाया। इसके बाद यातायात सामान्य हो सका। सहायक पुलिस आयुक्त सैंया देवेश कुमार ने बताया कैंटर चालक की पहचान मध्य प्रदेश के मुरैना जिले के गांव बामौर निवासी मोहर सिंह जाटव के रूप में हुई। वह दिल्ली से ग्वालियर जा रहा था। पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

# जिला मजिस्ट्रेट ने ड्राइविंग ट्रैनिंग एंड टैस्टिंग इंस्टीट्यूट सेंटर का किया औचक निरीक्षण

## प्रशिक्षणार्थियों से संवाद कर प्रशिक्षण की प्रगति और उपलब्ध संसाधनों का लिया फीडबैक केंद्र में साफ-सफाई, उपकरणों की क्रियाशीलता एवं टैऊक को साफ-सुथरा रखने के दिए निर्देश



**अलीगढ़,कासं.।** जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन द्वारा मंगलवार को आईटीआई रोड स्थित ड्राइविंग ट्रैनिंग एंड टैस्टिंग इंस्टीट्यूट सेंटर का औचक निरीक्षण किया गया। डीएम ने निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं, प्रशिक्षुओं की उपस्थिति, प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं अभिलेखों का परीक्षण किया। जिला मजिस्ट्रेट ने निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण कक्षाओं, सिम्युलेटर प्रयोगशाला, टैस्टिंग ट्रैक एवं कार्यालय अभिलेखों का अवलोकन किया और प्रशिक्षण के लिए आए प्रशिक्षणार्थियों से संवाद कर प्रशिक्षण की प्रगति और उपलब्ध संसाधनों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने केंद्र में साफ-सफाई, उपकरणों की क्रियाशीलता के साथ ही टैऊक को साफ-सुथरा रखने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण केंद्र प्रभारी आरआई अनुराग वर्मा ने बताया कि ड्राइविंग ट्रैनिंग एंड टैस्टिंग इंस्टीट्यूट सेंटर मारूति सुजकी द्वारा संचालित है। यह संस्थान जिले में ड्राइविंग प्रशिक्षण, सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं लाइसेंस परीक्षण की उच्च स्तरीय सेवाएं प्रदान कर रहा है। निरीक्षण के दौरान सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, एडीएम पंकज कुमार, सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक रामविलास शर्मा द्वारा चम्बल प्रिंटिंग प्रेस इण्डस्ट्रीज एरिया बानमोर से मुद्रित व एस 12 द्वितीय तल रायल प्लाजा पुराने हाईकोर्ट के सामने ग्वालियर से प्रकाशित । प्रधान संपादक रामविलास शर्मा मोबा.- 9329077393
email-chambalsurkhi@yahoo.com आर.एन.आई. पंजीयन नं MPHIN/2007/20705 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना रहेगा। कानूनी सलाहकार युवराज कुलश्रेष्ठ एडवोकेट मो.9229842150 फोन- (07532)- 225779,9827679954